सुविचार

ऐसे जिएं कि जैसे आपको कल मरना है और सीखें ऐसे जैसे आपको हमेशा जीवित रहना है।

–महात्मा गांधी

Daily

THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Friday, 31 January 2025 ● Year : 03 ● Issue : 18 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

12

Kiara Advani Reaches...

अमेरिका में 28 लोगों की मिली डेड बॉडी

सेना के हेलीकॉप्टर से टकराया यात्री विमान

NEW DELHI @ PTI : वाशिंगटन के निकट रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय एक यात्री विमान बुधवार को सेना के एक हेलीकॉप्टर से टकरा गया, जिससे उसपर सवार सभी 60 यात्रियों और चालक दल के चार सदस्यों की जान जाने की आशंका जताई जा रही है, फिलहाल 28 लोगों के शव बरामद किये गए हैं, जिसमें एक शव हेलीकॉप्टर सवार व्यक्ति का है। घटनास्थल पर करीब 300 बचावकर्मी मौजूद थे। हवाई अड्डे के ठीक उत्तर में जॉर्ज वॉशिंगटन पार्कवे के किनारे एक बिंदु से पोटोमैक नदी में बचाव के लिए नावों को उतारा गया। इलाके

- 64 लोगों को लेकर जा रहा था यात्री विमान
- तीन टुकड़ों में अमेरिकन एयरलाइंस के विमान का मलबा पोटोमैक नदी में मिला

में रोशनी की व्यवस्था की गई है। अमेरिकी सेना ने बताया कि हेलीकॉप्टर वर्जीनिया के फोर्ट बेलवोइर में तैनात यूएच-60 ब्लैकहॉक था। हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण उड़ान पर था।

आज से शुरू होगा संसद का बजट सत्र

AGENCY NEW DELHI : गुरुवार को संसद के बजट सेशन से एक दिन पहले केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। संसद की एनेक्सी में बैठक हुई। इसमें आगामी केंद्रीय बजट को लेकर केंद्र सरकार ने सभी दलों के साथ चर्चा की गई। बैठक में 36 दलों के 52 नेता शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी अध्यक्षता की। संसद के बजट सत्र की शुरूआत 31 जनवरी को पार्लियामेंट के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण से होगी और फिर अगले दिन एक फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। बता दें कि इस बार वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण लगातार 8वां बजट पेश करेंगी। तीन फरवरी से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो जाएगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी नेताओं से अपील की कि वे संसद सत्र के दौरान सहयोग करें, ताकि सदन में सुचारू रूप से चर्चा हो सके।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक

- मीटिंग में 36 विभिन्न राजनीतिक दलों के 52 नेताओं ने की शिरकत
- दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का होगा अभिभाषण
- एक फरवरी को पेश किया जाएगा आम बजट

6 फरवरी को पीएम मोदी देंगे जवाब

बजट सत्र दो चरणों में होगा। पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। इसमें नौ बैठकें होंगी। पीएम मोदी छह फरवरी को राज्यसभा में बहस का जवाब दे सकते हैं। इसके बाद दोनों सदन 13 फरवरी तक स्थगित हो जाएंगे।

'इंडिया' ब्लॉक के सभी नेता एक साथ उठाएंगे मुद्दे

बैठक में पहुंचे कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्षी नेताओं ने फैसला किया है कि 'इंडिया' ब्लॉक बजट सत्र में कुंभ, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दों पर चर्चा चाहती है। उन्होंने कहा कि कुंभ में वीआईपी लोगों के आने के कारण आम आदमी परेशान हो रहे हैं। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि मीटिंग अच्छी रही। पार्टी नेताओं ने कुछ मुद्दे उठाए हैं और उन पर चर्चा की मांग की। कमेटी तय करेगी कि किन मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

सीजीएल एग्जाम में गड़बड़ी की शिकायतें कई, पुख्ता साक्ष्य नहीं



- सीआईडी ने की थी अभ्यर्थियों और आम लोगों से जानकारी देने की अपील
- वाट्सएप चैट, फोटोग्राफ और वीडियो रिकॉर्डिंग में कोई साफ प्रूफ नहीं

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) की ओर से आयोजित सीजीएल एग्जाम पेपर लीक मामले की जांच कर रही झारखंड सीआईडी को अब तक गड़बड़ी संबंधी साक्ष्य की कोई पुख्ता जानकारी नहीं दी गई है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही सीआईडी ने आम लोगों से जेएसएससी सीजीएल परीक्षा-2023 में कथित गड़बड़ी और अनियमितता को लेकर किसी परीक्षार्थी अथवा अन्य के पास कोई साक्ष्य (अभिलेख, ऑडियो-वीडियो) या अन्य जानकारी है तो मोबाइल नंबर 9934309058 पर उपलब्ध करने की अपील की थी। सीआईडी की अपील के बाद उसे अब तक 60 से ज्यादा शिकायतें मिल चुकी हैं। कई डिजिटल एविडेंस आम लोगों ने उपलब्ध करवाए हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि सीआईडी को किसी भी एविडेंस की पुख्ता जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा सकी है। लोगों ने वाट्सएप चैट, फोटोग्राफ और वीडियो रिकॉर्डिंग सीआईडी को भेजे गए हैं। वाट्सएप चैट का कोई नंबर नहीं दिया गया है। प्रश्न पत्र हाथ में पकड़े एक व्यक्ति को दिखाया जा रहा है, लेकिन उसकी तस्वीर नहीं है। ऐसे में इस प्रकार के साक्ष को पुख्ता नहीं माना जा सकता है। जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले में झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव व जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। परिणाम अगले आदेश तक घोषित नहीं करने की भी बात कही है। राज्य सरकार, मुख्य सचिव, गृह विभाग के प्रधान सचिव व सदर थाना प्रभारी को प्रार्थियों ने प्रतिवादी बनाया है। आरोपों की जांच करने और अगली सुनवाई की तारीख तक जांच का स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश कोर्ट ने सीआईडी को दिया है।

एसआईटी कर रही मामले की जांच

कथित पेपर लीक के आरोपों की जांच के लिए डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश पर एसआईटी गठित की गई है। एसआईटी का नेतृत्व सीआईडी डीआईजी संध्या रानी मेहता कर रही हैं। टीम में रांची पुलिस के अधिकारियों को भी रखा गया है। डीजीपी के गठित एसआईटी में अध्यक्ष संध्या रानी मेहता, सदस्य सीआईडी एसपी निधि द्विवेदी, रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, रांची के मुख्यालय 1 डीएसपी अमर कुमार पांडेय, सीआईडी में प्रतिनियुक्त डीएसपी मुन्ना प्रसाद गुप्ता मामले की जांच कर रहे हैं।

SHARE

सेंसेक्स	:	76,759.81
निफ्टी	:	23,249.50

SARAFA

सोना	:	7,785
चांदी	:	106.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

ठाणे से चार बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार

MUMBAI : गुरुवार को ठाणे जिले के मनोर पाड़ा में स्थित एक घर में छापा मारकर पुलिस ने चार बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में इन बांग्लादेशी नागरिकों को घर किराये पर देने वाले मकानमालिकों की तलाश कर रही है। पुलिस पिछले तीन दिनों में मुंबई और पालघर से 22 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर चुकी है। इन सबकी गहन छानबीन जारी है। पुलिस ठाणे पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मनोर पाड़ा के चाल में बांग्लादेशी महिलाओं के रहने की सूचना मिली थी। इस पर आज सुबह पुलिस ने मनोर पाड़ा में छापा मारकर चार बांग्लादेशी महिलाओं को हिरासत में लिया। इसके बाद चारों को मनोर पुलिस स्टेशन में लाकर छानबीन की गई और इसके बाद पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस इन चारों को मकान किराए पर देने वालों की तलाश कर रही है।

बेहतरीन मार्च दस्ते व झांकी हुए पुरस्कृत

NEW DELHI : गुरुवार को रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने 76वें गणतंत्र दिवस परेड के सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्तों और झांकियों को बृहस्पतिवार को पुरस्कृत किया। झांकियों की श्रेणी में प्रयागराज में जारी महाकुंभ मेले को प्रदर्शित करने वाली उत्तर प्रदेश की झांकी को पहला पुरस्कार मिला, जबकि जम्मू और कश्मीर राइफल्स के मार्चिंग दस्ते को तीनों सशस्त्र सेवाओं के दस्तों में सर्वश्रेष्ठ चुना गया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, शाश्वत श्रद्धा विषय पर आधारित त्रिपुरा की झांकी ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों की श्रेणी में दूसरा पुरस्कार जीता है। पर्यावरण अनुकूल लकड़ी के खिलौनों को प्रदर्शित करने वाली आंध्र प्रदेश की झांकी को तीसरे स्थान पर रही। ये पुरस्कार दिल्ली स्थित राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में आयोजित एक समारोह में प्रदान किए गए।

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के फैसला को किया रद्द

नियुक्ति प्रक्रिया में जेटेट अभ्यर्थी ही होंगे शामिल

सहायक शिक्षक भर्ती

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में सहायक शिक्षक (आचार्यों) पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया में केवल जेटेट अभ्यर्थी ही भाग लेंगे। पड़ोसी राज्यों से टेट पास करने वाले और सीटेट अभ्यर्थी हिस्सा नहीं ले सकेंगे। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने झारखंड में सहायक शिक्षक पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया में पड़ोसी राज्यों से सीटेट या टेट पास करने वालों को हिस्सा लेने की अनुमति दी थी, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश को रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से एक तरफ जेटेट पास अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है तो दूसरी तरफ वैसे अभ्यर्थियों को बड़ा झटका लगा है, जिन्होंने जेटेट परीक्षा पास किए बिना शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया का आवेदन दिया था। प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायणन और अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने बहस की। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस जेके महेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की खंडपीठ इस मामले में सुनवाई की।

सीटेट पास करने वाले अभ्यर्थी नहीं ले सकेंगे भाग



जेटेट अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में दी थी चुनौती

बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि राज्य में 26000 सहायक शिक्षकों (आचार्य) की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया में दूसरे राज्य के टेट पास अभ्यर्थी या सीटेट पास अभ्यर्थी भी शामिल हो सकते हैं। इसके खिलाफ जेटेट अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे।

2023 में हाईकोर्ट ने सुनाया था फैसला

गौरतलब है कि झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने 2023 में फैसला सुनाया था। अपने फैसले में हाईकोर्ट ने सहायक शिक्षकों की नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास अभ्यर्थी या झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास करने वाले झारखंड के रहने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी थी। इस आदेश के खिलाफ झारखंड टेट पास अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

रूस ने ड्रोन से यूक्रेन की इमारत को बनाया निशाना चार लोगों की मौत

NEW DELHI : रूस ने बुधवार की रात ड्रोन से उत्तर-पूर्वी यूक्रेन में एक इमारत को निशाना बनाया जिससे चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सुमी शहर के क्षेत्रीय प्रशासन ने बताया कि रात करीब एक बजे शाहिद ड्रोन से नगर की एक इमारत को निशाना बनाया गया। इस हमले में घायल हुए लोगों में एक बच्चा भी शामिल है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इसे एक भयानक त्रासदी और रूस द्वारा किया गया भयावह अपराध करार दिया। अगले महीने रूस-यूक्रेन युद्ध के तीन साल पूरे हो जाएंगे और अभी तक इसके समाप्त होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक इस युद्ध में यूक्रेन के 10,000 से अधिक आम नागरिक मारे गए हैं। यूक्रेन की वायुसेना के मुताबिक रूस ने रात में 80 से अधिक ड्रोन हमले किये जिनमें से अधिकतर को नाकाम कर दिया गया। यूक्रेन के दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र के प्रमुख ओलेह किपर ने सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम पर दावा किया कि रूसी ड्रोनों ने एक अस्पताल और दो रिहायशी इमारतों को क्षतिग्रस्त कर दिया, लेकिन इन हमलों में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारियों ने बताया कि मध्य यूक्रेन के पोल्तावा क्षेत्र में, शाहिद ड्रोन द्वारा एक ढांचे को नष्ट कर दिए जाने के बाद आपातकालीन सेवाओं ने चार लोगों को मलबे के नीचे से निकाला।

महाकुंभ : अपेक्षाकृत कुछ कम हुआ भीड़ का दबाव

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रित करने का प्रयास तेज

PTI @ PRAYAGRAJ : मेला क्षेत्र में भगदड़ की घटना के एक दिन बाद गुरुवार को प्रदेश सरकार ने भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास और तेज कर दिए। इस बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आना जारी है। मंगलवार देर रात हुई भगदड़ की घटना का यहां आ रहे श्रद्धालुओं पर कोई खास असर दिखाई नहीं दे रहा और वे मोक्ष पाने की अभिलाषा में स्नान घाट की ओर बढ़ रहे हैं। प्रदेश सरकार के मुताबिक,

- अमृत स्नान पर भी विशिष्ट व्यक्तियों की आवाजाही पर बनी रहेगी रोक
- जांच के लिए घटनास्थल पहुंचे राज्य के चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी

बृहस्पतिवार को शाम चार बजे तक 1.77 करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई।

नहीं रहे प्रसिद्ध वृत्तचित्रकार और कार्यकर्ता तपन के. बोस

NEW DELHI : गुरुवार को प्रसिद्ध वृत्तचित्रकार और कार्यकर्ता तपन के. बोस का यहां उनके आवास पर निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी रीता मनचंदा और बेटी देवज्ञानी सैनी हैं। बोस 1970 के दशक में लगे आपातकाल के दौरान एक कार्यकर्ता के तौर पर उभरे थे। वह पंजाब और जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकार उल्लंघन के खिलाफ एक निर्भीक वकील थे। वृत्तचित्र निर्देशक के तौर पर उन्होंने मशहूर वृत्तचित्र एन इंडियन स्टोरी ऑन भागलपुर बाइंडिंग्स (1981), भोपाल : बियॉन्ड जेनोसाइड (1986), झारखंड (1993) और द एक्सपेंडेबल पीपल (2016) का निर्देशन किया है। बोस उन कार्यकर्ताओं, वैज्ञानिकों, पत्रकारों और कलाकारों के एक समूह का हिस्सा थे, जिन्होंने भारतीय संविधान की तर्कवादी भावना को मजबूत करने और ऐतिहासिक तथा समकालीन उत्पीड़न से लड़ने का प्रयास किया था।

3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक होगी वृद्धि

सुबह-शाम ठंड, दिन में अब गर्मी का होने लगा एहसास

PHOTON NEWS RANCHI : मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, गुरुवार को मौसम ने करवट ली। दिन में लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा। न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी के कारण ऐसा हुआ। मौसम विभाग की मानें तो एक से दो दिनों में न्यूनतम तापमान में और बढ़ोतरी होगी। इसके बाद लोगों को कनकनी वाली ठंड से और राहत मिल जाएगी। हालांकि सुबह में कोहरा छाया रहेगा। इस कारण सुबह में ठंड लगेगी। दिन में धूप से गर्मी का एहसास होगा।

सबसे अधिक उच्चतम तापमान सरायकेला में 31.7 डिग्री सेल्सियस रहा

- तापमान में बढ़ोतरी के बाद कनकनी वाली ठंड से मिली निजात
- सुबह में फिलहाल कोहरे से नहीं मिलेगी राहत
- चतरा में न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस किया गया दर्ज

उत्तरी भाग में छाए रहेंगे आंशिक बादल

आने वाले दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि होगी, जिससे लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। 3 दिनों में झारखंड के न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की वृद्धि होने की संभावना है। इसके बाद इसमें कोई बड़ा बदलाव आने की संभावना नहीं है। बताया गया कि पिछले 24 घंटे के दौरान राजधानी रांची का अधिकतम तापमान बढ़कर 27.5 डिग्री हो गया है, जबकि न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री दर्ज किया गया है।

गंभीर संकट कार्बन उत्सर्जन की वृद्धि से तापमान में आ रहा बदलाव

समुद्र की सूरत को भयावह कर देगी प्रदूषण की मार

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : जिस गति से कार्बन का उत्सर्जन बढ़ रहा है, उससे प्राकृतिक संतुलन का भविष्य में बड़ा संकट पैदा होगा। जंगलों और पहाड़ों का ही नेचर नहीं, बल्कि समुद्र की सूरत भी भयावह स्थिति में परिवर्तित हो जाएगी। कार्बन का उत्सर्जन मतलब प्रदूषण को बढ़ाने वाला तत्व। मानव और औद्योगिक गतिविधियों के फलस्वरूप प्रदूषण की गति पूरी प्रकृति को प्रभावित कर रही है। जलवायु परिवर्तन की वजह से तापमान बढ़ रहा है और इससे ग्लेशियर पिघलने की स्पीड तेज हो गई है। इसकी वजह से समुद्र का स्तर बढ़ता जा रहा है। हाल में किए गए रिसर्च में इस स्थिति की भयावता की विस्तृत जानकारी दी गई है। नए अध्ययन से पता चला है कि बीते चार दशकों में समुद्र के गर्म होने की रफ्तार चार गुनी हो गई है। साल 2023 और 2024 की शुरूआत में वैश्विक समुद्री तापमान अपने उच्चतम स्तर पर था। रिपोर्ट में बताया गया है यदि वैश्विक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की दर में वृद्धि इसी गति से जारी रहती है और दुनिया उच्च उत्सर्जन परिदृश्यों की ओर बढ़ती है, तो 2100 तक समुद्र का स्तर 0.5 से 1.9 मीटर तक बढ़ सकता है।

हाल में दो यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों की टीम के व्यापक अध्ययन में सामने आए हैं तथ्य

ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका में बर्फ की चादरों पर उच्च गर्मी का पड़ रहा ज्यादा असर

- सभी पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा
- साल 2100 तक 0.5 से 1.9 मीटर तक बढ़ सकता है समुद्र का स्तर
- समुद्र का पानी अपेक्षा से अधिक होता जा रहा गर्म, इसलिए फैलाव स्वाभाविक
- तटीय समुदायों, ईको सिस्टम और दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ेगा दूरगामी प्रभाव

अधिक जोखिम में चीन, भारत व बांग्लादेश

बता दें कि संयुक्त राष्ट्र ने 2023 में चीन, भारत, बांग्लादेश और नीदरलैंड को बढ़ते समुद्री स्तर के कारण उच्च जोखिम वाले देशों की श्रेणी में रखा है। यहां निचले तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लगभग 900 मिलियन लोग गंभीर खतरे में हैं। पृथ्वी के इतिहास में समुद्र के स्तर में काफी उतार-चढ़ाव आए हैं, लेकिन वर्तमान दर अभूतपूर्व है।

समुद्री पानी का थर्मल विस्तार

शोधकर्ताओं ने बताया है कि समुद्र के स्तर में वृद्धि का मतलब पृथ्वी के केंद्र से मापी गई महासागर की सतह की औसत ऊंचाई में वृद्धि से है। ऐसा दो मुख्य कारकों के कारण हो रहा है। ग्लेशियरों और बर्फ की चादरों का पिघलना और गर्म होने पर समुद्री जल का थर्मल विस्तार। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापमान बढ़ने के साथ ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका में बर्फ की चादरें तेजी से पिघल रही हैं। यह स्थिति समुद्र के स्तर में वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इसके अतिरिक्त जैसे-जैसे समुद्री जल गर्म होता है, यह फैलता है जिससे समुद्र का स्तर और बढ़ जाता है। समुद्र के स्तर में यह वृद्धि जलवायु परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। इसका तटीय समुदायों, पारिस्थितिकी तंत्रों और दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है।

श्रीलंका की जेल से छूटे तमिलनाडु के 6 मछुआरे पहुंचे अपने घर

NEW DELHI : गुरुवार को श्रीलंकाई तटरक्षक बल से रिहा हुए तमिलनाडु के रामेश्वरम के 6 मछुआरे अपने घर पहुंच गए। रिहाई के बाद मछुआरे के कोलंबो से चेन्नई पहुंचने पर राज्य के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया तथा उन्हें गृह जिले तक पहुंचाने की व्यवस्था की। 12 जनवरी को श्रीलंकाई तटरक्षक बल ने समुद्री सीमा पार करने के आरोप में इन मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया था। इन मछुआरों को श्रीलंका सरकार से छुड़वाने के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्रीय विदेश मंत्री से भी अपील की थी। केंद्र सरकार के हस्तक्षेप के बाद श्रीलंका सरकार ने जेल से इन मछुआरों को रिहा कर दिया। ये मछुआरे बुधवार की रात कोलंबो से चेन्नई पहुंचे थे। राज्य के अधिकारियों ने चेन्नई पहुंचने पर मछुआरों का स्वागत किया। चेन्नई पहुंचे इन मछुआरों को उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था की।

पीएलजीए बटालियन नंबर एक में थे सक्रिय

52 लाख रुपये के इनामी 9 नक्सलियों ने किया सरेंडर

SUKMA @ PTI : छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में कुल 52 लाख रुपये के इनामी नौ नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुकमा जिले में पीएलजीए बटालियन नंबर एक में सक्रिय नौ नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया जिले में सक्रिय नक्सली कलमू मंगडू, माड़वी बुधरी, समीर उर्फ मिडियम सुक्का, रजनी उर्फ राजे, शांति कवासी, मड़कम सोमड़ी, नुप्पो नरसी, मड़कम हिड़मे और नुप्पो हुंगी ने सुकमा जिले में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सुरक्षाबलों के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कलमू मंगडू, समीर, महिला नक्सली माड़वी बुधरी, रजनी, शांति और मड़कम सोमड़ी के सर पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम है।



- पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हजार रुपये की दी गई सहायता राशि

गिरिडीह में पुलिस ने 3 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

बैंक खाता बंद होने के नाम पर लोगों को देते थे झांसा, प्रतिबिंब एप से मिला सुराग

AGENCY GIRIDIH : बेंगाबाद थाना क्षेत्र के फुरसोडीह गांव से पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गुरुवार को पपरवाटांड़ स्थित कार्यालय से पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपितों में अदालत अंसारी, समीर अंसारी और शमशुद अंसारी शामिल है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि बेंगाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत फुरसोडीह में कुछ शातिर अपराधी फोन के माध्यम से ठगी कर रहे है। सूचना के बाद साइबर पुलिस उपाधीक्षक आबिद खा के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। उक्त टीम ने स्तर पर पहुंचकर तीनों साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन साइबर अपराधियों के जरिये गर्भवती महिलाओं का नंबर प्राप्त कर मातृत्व लाभ दिलाने के नाम पर और एयरटेल पेमेंट बैंक का खाता बंद होने के नाम पर ठगी करता था। बताया गया कि सभी ने अपराध को स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने इन आरोपितों के पास से चार मोबाइल फोन और पांच सिम कार्ड भी बरामद किए हैं। टीम में साइबर डीएसपी के अलावा साइबर थाना प्रभारी विजय कुमार, पुनीत कुमार, गौतम कुमार, गजेंद्र कुमार, सोनू कुमार, फिरोज आलम एवं अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

गिरफ्त में आरोपी व मामले की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी • फोटोन न्यूज

पिकअप-बाइक में टक्कर से युवक की हो गई मौत

PALAMU : पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डालटनगंज-गढवा मुख्य मार्ग पर मंगरदाहा घाटी में गुरूवार को एक पिकअप और बाइक में जोरदार टक्कर हो गयी, जिससे बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। उसकी स्थिति चिंताजनक बतायी गयी है। घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृत युवक की पहचान चैनपुर के बरांव टोला करमाहा के रहने वाले श्रवण चौधरी के रूप में हुई है। जख्मी युवक राकेश चौधरी बताया गया है। घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप को जब्त करके थाना ले आई है। घायल एवं मृतक के शव को एमआरएमसीएच में भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों के अनुसार श्रवण चौधरी अपने साथी राकेश के साथ चैनपुर थाना क्षेत्र के कंकारी नानी के घर गया था। दरअसल श्रवण चौधरी को शादी के सिलसिले में देखने के लिए लड़की वाले शुक्रवार को आ रहे थे। इसकी जानकारी देने के लिए श्रवण नानी के घर गया था और वहां से घर लौट रहा था, जैसे ही मंगरदाहा घाटी में पहुंचा की विपरित दिशा से आ रहे पिकअप वैन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही श्रवण की मौत हो गयी। परिजन के अनुसार श्रवण पढाई करता था। उन्होंने प्रशासन से उचित मुआवजा की मांग की है।

मृतक की फाइल फोटो

BRIEF NEWS

याद किए गए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी

HAZARIBAG : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डीडीसी इश्तियाक अहमद, डीपीओ पंकज तिवारी, भू-अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों व कर्मियों ने 2 मिनट का मौन रख कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। ज्ञात हो कि 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने दिल्ली के बिड़ला हाउस में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की गोली मार कर हत्या कर दी थी। इसी के चलते 30 जनवरी को प्रतिवर्ष महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई जाती है। इसके साथ ही इसे महात्मा गांधी के शहीद होने पर शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ कार्यक्रम का आयोजन

LOHARDAGA : बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन में गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी और उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के जरिये दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि मेहनत की बदौलत आज महिलाएं कुछ भी हासिल कर सकती हैं। महिला अगर ठान ले तो अपनी जिम्मेवारियों को निभाते हुए कुछ भी हासिल कर सकती हैं। बेटियां हमारा गर्व हैं। आज जिला प्रशासन के जरिये उत्कृष्ट मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया है और आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है, जो सराहनीय है। जिनको नियुक्ति पत्र मिला है उनकी जिम्मेवारी अपने कार्यक्षेत्र में बहुत अहम हो जाती है। प्रारंभिक शिक्षा और स्वास्थ्य आपके हाथों में है जिसकी बेहतर नींव आप रख सकती हैं। उन्होंने कहा कि जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि माताएं अपने बच्चों; विशेषकर लड़के और लड़कियों के बीच कोई भेदभाव नहीं करें। सभी को समान अवसर दें।

मैट्रिक व इंटर परीक्षा को लेकर डीसी ने की बैठक

RAMGARH : डीसी चंदन कुमार ने गुरुवार को 11 फरवरी से शुरू होने वाली मैट्रिक और इंटर की परीक्षा की तैयारियों को परखा। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों और सभी परीक्षा केंद्रों के प्राचार्यों के साथ बैठक की। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने बताया कि इस वर्ष रामगढ़ जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 53 परीक्षा केंद्रों पर 12669 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 40 केंद्रों पर 12300 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। डीसी ने सभी केंद्र अधीक्षकों को उनके केंद्रों पर परीक्षाओं का आयोजन पूरी पारदर्शिता के साथ एवं कदाचार मुक्त तरीके से संपंन्न कराने का निर्देश दिया। डीसी ने केंद्र अधीक्षकों को दिशा-निदेर्शों से संबंधित पुस्तिका दी। साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने परीक्षा के आयोजन को लेकर जारी दिशा-निदेर्शों के संबंध में केंद्र अधीक्षकों की कई दुविधाओं को दूर किया।

महाकुंभ में जान गंवाने वाली गायत्री का हुआ अंतिम संस्कार

PALAMU : उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में हुई भगदड़ में जान गवाने वाली पलामू जिले के नावाबाजार थाना क्षेत्र के राजहरा गांव की गायत्री देवी का गुरुवार दोपहर अंतिम संस्कार किया गया। गांव के झरना शिव मंदिर घाट पर परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार में नावाबाजार के अंचलाधिकारी शैलेश कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि पटेल दुबे, राजहरा के मुखिया चंदन कुमार, समाजसेवी मुन्ना पांडे एवं अन्य ग्रामीण शामिल थे। गायत्री देवी 27 जनवरी को पति अमरेश पांडे, भाई, भाई की पत्नी और बहन के साथ डालटनगंज रेलवे स्टेशन से कुंभ स्नान के लिए निकली थीं।

हजारीबाग में नकली शराब बनाने वाले तीन गिरफ्तार

बरामद सामान के साथ पुलिस व आबकारी विभाग के पदाधिकारी

HAZARIBAG : जिला के बरही चौक के पास से तीन लोगों को नकली शराब बनाने और बेचने के आरोप में उत्पाद विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों में गोलू, संजय और कृष्णा शामिल है। उत्पाद विभाग के दारोगा सुमितेष कुमार ने जानकारी दिया कि ये सब के साथ बड़े कारोबारी छोटी साव फरार हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि पकड़े गए शराब की कीमत 2.5 लाख है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। वहीं फरार आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है।

जुआ के अड्डे पर पुलिस की छापेमारी, 3 धराए

सार्वजनिक स्थान पर खेल रहे थे जुआ, एसपी को मिली थी सूचना

AGENCY RAMGARH : रामगढ़ पुलिस के जुआ के अड्डे पर छापेमारी से जुआरियों में हड़कंप मच गया है। इस दौरान पुलिस ने तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया और जुए के अड्डे से लगभग 17 हजार रुपये भी जब्त किए गए हैं। गुरुवार को रामगढ़ थाने में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने संवाददाता सम्मेलन कर इस कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रामगढ़ एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के बगीचा कॉलोनी, दामोदर नदी के किनारे सार्वजनिक स्थान पर कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं। वे काफी हो हल्ला मचा रहे हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही है। सूचना के बाद रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने बगीचा कॉलोनी, दामोदर नदी के किनारे घेराबंदी की। छापेमारी के दौरान आठ जुआरी पुलिस को देखते ही झाड़ी और नदी का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस इस दौरान तीन जुआरी को पकड़ने में सफल रही। इनमें वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के केदला, घाटोटांड़ निवासी अमित कुमार, कुजू ओपी क्षेत्र के पोचरा गांव निवासी गुड्डू यादव, रामगढ़ दुसाध मोहल्ला निवासी कयूम खान शामिल हैं। जब जुआरी वहां से भागे तो वे रुपए, ताश के पत्ते, अपनी मोटरसाइकिल, स्कूटी छोड़ गए थे। पुलिस ने उस जुए के अड्डे से ताश का पत्ता, 17,300 रुपए, एक मोबाइल, स्कूटी (जेएच 24 के 3594), लाल रंग की मोटरसाइकिल एफजेडएस (जेएच 24 एफ 3422), स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (जेएच 01 एम 0607), स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (जेएच 02 एडब्ल्यू 9344) बरामद किया है।

पत्रकारों को जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी • फोटोन न्यूज

दामोदर नदी किनारे जुआ का अड्डा लगाता था रामू कसेरा

RAMGARH : रामगढ़ शहर के बागीचा कॉलोनी, दामोदर नदी किनारे रामू कसेरा नामक व्यक्ति के जरिये जुआ का अड्डा लगाया जा रहा था। यहां हर दिन लाखों रुपए का खेल चल रहा था। सुनसान जंगल में दर्जनों बाइक पर सवार युवा इस अवैध कारोबार में न सिर्फ अपनी दौलत लूटा रहे थे, बल्कि वह अपना भविष्य भी दांव पर लगा रहे थे। लंबे समय से चले आ रहे इस खेल में जीतने और हारने वाले तो कई लोग थे। लेकिन रामू हर खेल का बादशाह था। कोई भी उसे बिना कमीशन दिए जुआ नहीं खेल सकता था। उसका मनोबल इस कदर बढ़ा हुआ था कि दिन के उजाले में वह पूरा अड्डा लगता था। जुआरियों को बुलाकर वहां शराब परोसता था। नशे में धुत्त युवा अपने जेब से रुपए निकाल कर दांव पर लगाते थे। पुलिस को जब इसकी सूचना मिली, तो उसे भी गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया। लेकिन जुए के अड्डे से वह भागने में सफल रहा। पुलिस उनकी भी पहचान करने में जुटी है, जो छापेमारी के दौरान भाग निकले हैं।

समय पर पहचान हो, तो पूरी तरह से ठीक हो सकता कुष्ठ रोग : डॉ. मंजू दास

PHOTON NEWS DHANBAD : कुष्ठ रोग की पहचान यदि समय पर हो जाए तो यह बीमारी पूरी तरीके से ठीक हो जाती है। यह कोई अभिशाप नहीं है, बल्कि जिस तरह टीबी सहित अन्य बीमारी हैं, उसी तरीके से कुष्ठ रोग भी होता है। ये बातें जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. मंजू दास ने कहीं। वह 30 जनवरी को जिले में शुरू हुए कुछ उन्मूलन अभियान के तहत नए मरीजों की खोज कार्यक्रम में लोगों को जागरुक कर रही थीं। सिविल सर्जन कार्यालय में इसे लेकर बैठक हुई, जिसमें सबसे पहले पुण्यतिथि पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन करके श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। डॉ. दास ने कहा कि दो चरण में यह अभियान मनाया जा रहा है, पहले चरण में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। दूसरे चरण में घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मी और सहिया ऐसे मरीजों की पहचान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के हाथों में सफेद दाग हो रहे हैं तो इसकी जांच करानी चाहिए। हालांकि हर सफेद दाग कुष्ठ नहीं होता। इससे पहले सिविल सर्जन डॉ. चंद्रभानु प्रतापन, डॉ. मंजू दास, रणधीर कुमार समेत सभी चिकित्सक और कर्मियों ने कुष्ठ रोगी से भेदभाव नहीं करने और लोगों को जागरूक करने की शपथ ली।

कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. मंजू दास

कम इम्यूनिटी वालों को जल्दी होती है बीमारी

डॉ. मंजू दास ने कहा कि यह बीमारी माइक्रोबैक्टेरियम लेप्रो वायरस से फैलता है। टीबी का बैक्टीरिया तेजी से संक्रमित करता है। लेकिन कुष्ठ रोग का बैक्टीरिया बहुत धीरे-धीरे संक्रमित करता है। कभी-कभी तो यह 1 साल तक पता भी नहीं चलता, कुछ ऐसे भी मरीज हैं जिन्हें इस बीमारी की पहचान करने में 20 वर्ष तक लगे। क्योंकि कुष्ठ का बैक्टीरिया बहुत धीरे-धीरे शरीर पर असर करता है। जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है, वैसे लोगों को यह बीमारी जल्दी होती है। जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है, उन्हें जल्दी नहीं होता।

दिगंबर जैन समाज ने किया अष्ट मूलगुण संस्कार समारोह

RAMGARH : आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर जी गुरुदेव के शिष्य मुनिश्री 108 प्रज्ञान सागर जी महाराज एवं मुनिश्री 108 प्रसिद्ध सागर जी मुनिराज का बुधवार की शाम प्रवास रामगढ़ में हुआ। गुरुवार को मुनि संघ के सानिध्य में अष्ट मूलगुण समारोह का भव्य आयोजन सकल दिगंबर जैन समाज के जरिये किया गया। इसके तहत मुनि संघ के जरिये श्रद्धालुओं को जैन धर्म की प्रथम श्रेणी मद्य, मांस, मधु एवं पंच उदम्बर फल का परित्याग कराया गया। मौके पर मुनिश्री ने कहा कि जैन श्रद्धालु को अपने धर्म पालन की प्रथम श्रेणी का त्याग अवश्य कर अपने सच्चे जैनत्व का प्रथम उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। इस दौरान समारोह में 50 से अधिक श्रद्धालु ने मुनिश्री के सानिध्य में अष्ट मूलगुण को अपनाने की शपथ ली।

हाथी के हमले में एक गंभीर कई घरों का किया नुकसान

BOKARO : गोमिया में जंगली हाथियों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है' महुआटांड़ थाना क्षेत्र के बड़की पुन्नू गांव में गुरुवार की अहले सुबह हाथियों ने एक व्यक्ति पर अचानक हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। घायल को रांची रेफर कर दिया गया है। घायल की पत्नी सेमा देवी ने बताया कि गुरुवार अहले सुबह उनका पति कामेश्वर करमाली उर्फ बहरा (52) साइकिल से बकरियों के लिए पत्ते लेने कोचिवा जंगल गया था। इस दौरान जंगली हाथी वहां आ पहुंचा और अपनी सूंड से उठाकर उसे पटक दिया। हाथी ने अपने पैर से व्यक्ति की कमर को दबाकर जख्मी कर दिया है। व्यक्ति के शोर मचाने पर अन्य युवक छोटू करमाली, ऋतिक करमाली व अजित करमाली मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद हाथी को वहां से भगाया गया। वहां से घायल को घर लाकर उसका इलाज शुरू किया गया, फिर अस्पताल ले जाया गया। घटना की जानकारी वन विभाग को दे दी गई है। इसके बाद विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची' हाथियों ने कई जगह घरों को भी नुकसान पहुंचाया है।

हाथी के हमले में घायल

पीएम किसान सम्मान निधि के आवेदनों को निष्पादित करें : डीसी

बैठक करतीं उपायुक्त नैन्सी सहाय • फोटोन न्यूज

HAZARIBAG : उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यालय सभागार में कृषि, पशुपालन और मत्स्य विभाग, उद्यान एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें उपायुक्त ने उपरोक्त विभागों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे पीडीएमसी, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, डेयरी, पशुधन, मत्स्य में डीएमएफटी के तहत चल रही योजना की स्थिति, केज कल्चर, हॉर्टिकल्चर, उद्यान विकास, संरक्षित फूलों की खेती, अर्बन फार्मिंग, किसान समृद्धि योजना की स्थिति व प्रगति की समीक्षा की। उपायुक्त ने सर्वप्रथम सभी विभागों के एक्सपेंडिचर स्टेटस की जानकारी ली। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि के सेल्फ रजिस्ट्रेशन के पेंडिंग आवेदनों को जल्द निपटारा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। उन्होंने पशुपालन पदाधिकारी को डेयरी योजना में प्रगति लाने और पशुधन योजना में टारगेट कंप्लीट करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मत्स्य पदाधिकारी से केज कल्चर और डीएमएफटी के तहत चल रही योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली।

सर्वे रिपोर्ट सरकारी स्कूलों में तीसरी कक्षा के 80 प्रतिशत बच्चे नहीं पढ़ पाते दूसरी क्लास की किताबें

पांचवीं कक्षा के 69.6 प्रतिशत बच्चों को भाग देना भी नहीं आता

PHOTON NEWS JSR : सरकार के लाख दावे के बाद भी सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में कोई खास सुधार होता नजर नहीं आ रहा है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि राज्य के तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले 80.4 प्रतिशत छात्र दूसरी कक्षा के टेक्स्ट बुक पढ़ नहीं पाते हैं। इसी प्रकार पांचवीं कक्षा के 44.7. प्रतिशत 8वीं कक्षा के 30.5 प्रतिशत बच्चे दूसरी कक्षा की किताबें नहीं पढ़ पाते हैं। यह खुलासा केंद्र सरकार की ओर से जारी एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (असर) 2024 से हुआ है। इस रिपोर्ट में पूर्वी सिंहभूम जिले की स्थिति भी खराब है। यहां की तीसरी से 5वीं कक्षा तक के सिर्फ 38.8 प्रतिशत छात्र ही दूसरी कक्षा की किताबें पढ़ पाते हैं, जबकि छठवीं से 8वीं कक्षा के 63.4 प्रतिशत बच्चे दूसरी कक्षा की किताबें पढ़ पाते हैं। इस रिपोर्ट की अच्छी बात यह है कि नामांकन में लड़कों के मुकाबले लड़कियों का रुझान बढ़ा है। बीच में पढ़ाई छोड़ने की संख्या में भी कमी आई है, जबकि लड़कियों से ज्यादा लड़के पढ़ाई छोड़ रहे हैं। स्कूलों में एडमिशन लेने में भी लड़कियां, लड़कों से आगे है। रिपोर्ट के मुताबिक 15 से 16 वर्ष आयु की 6% लड़कियां स्कूल नहीं जाती हैं।

इसी आयु वर्ग के 72% लड़के स्कूल नहीं जाते हैं या वे बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं। लेकिन, शहरों में स्थिति उलट है। यहां पढ़ाई छोड़ने में लड़कों की संख्या लड़कियों से कम है।

नामांकन की संख्या में आ रही गिरावट

इस रिपोर्ट की मानें तो झारखंड के सरकारी स्कूलों में नामांकन लेने वाले लड़के व लड़कियों की संख्या में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। 2024 में पहली से 5वीं कक्षा तक 72.9 प्रतिशत लड़कों का दाखिला सरकारी स्कूलों में हुआ, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 81.1 प्रतिशत था। यानी की दो साल में ही लड़कों के नामांकन में 8.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जा चुकी है। इसी प्रकार 2024 के रिपोर्ट में 81.3 प्रतिशत लड़कियों का दाखिला हुआ है, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 86.9 प्रतिशत था। इस प्रकार दो साल में लड़कियों के नामांकन प्रतिशत में 5.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जा चुकी है। केंद्र सरकार ने झारखंड के 24 जिलों के 720 गांवों के 14282 घरों में सर्वे किया। इस दौरान 3 से 16 वर्ष के 27,649 बच्चों से बात की। इसके बाद एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट तैयार हुई है।

13.3 प्रतिशत स्कूलों में ड्रिंकिंग वाटर की सुविधा नहीं

झारखंड के स्कूलों में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं की बात करें तो उसकी स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं है। अभी भी राज्य के 13.3 प्रतिशत स्कूलों में ड्रिंकिंग वाटर की सुविधा नहीं है। इसी प्रकार 52.1 प्रतिशत स्कूलों का वाउंड्रीवाल नहीं है। इसी प्रकार एमडीएम बनाने के लिए 11.1 प्रतिशत स्कूलों में किचन शेड नहीं है। सबसे खराब स्थित शौचालय की है। यहां के 22 प्रतिशत स्कूलों में अभी भी शौचालय की सुविधा नहीं है। 24.5 प्रतिशत स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग से शौचालय नहीं है।

यह भी जानें

- कक्षा तीसरी के 68.3 प्रतिशत बच्चों को घटाना नहीं आता
- कक्षा पांचवीं के 69.6 व कक्षा आठवीं के 49.1 प्रतिशत बच्चों को भाग नहीं आता
- राज्य के 45.9 प्रतिशत स्कूलों में फिजिकल एजुकेशन के टीचर नहीं हैं
- 62 प्रतिशत स्कूलों में ही प्ले ग्राउंड की सुविधा
- राज्य के 70.3 प्रतिशत स्कूलों में कंप्यूटर नहीं
- झारखंड के 28 प्रतिशत स्कूलों में लाइब्रेरी का अभाव

85.1 प्रतिशत बच्चों के घर में स्मार्टफोन

झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 85.1 प्रतिशत बच्चों के घर में स्मार्टफोन है। इस मामले में झारखंड अपने पड़ोसी राज्य बिहार, पश्चिम बंगाल व ओडिशा से आगे हैं। लेकिन, इसके बाद सभी राज्यों से पीछे हैं यानी कि असर के सर्वे में शामिल 27 राज्यों में से झारखंड 24वें नंबर पर है। इसी प्रकार राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 76.8 प्रतिशत बच्चे स्मार्टफोन का यूज करते हैं। इसमें से 63 प्रतिशत बच्चे ऑनलाइन एक्टिविटी में स्मार्टफोन का यूज करते हैं। राज्य के 62 प्रतिशत बच्चे डिजिटल टास्क स्मार्टफोन के जरिए करते हैं।

मेट्रो सिटी की तर्ज पर राजधानी में भी बनेगा फूड स्ट्रीट हब

नगर निगम ने जयपाल सिंह स्टेडियम के बाहर मार्केट बसाने का बनाया प्लान

स्टेडियम के दो साइड में 40 वेंडर्स को बसाने के लिए टेंडर निकालने की तैयारी

रात में खाने के शौकीन लोगों के लिए लजीज भोजन से गुलजार होगा बाजार

VIVEK SHARMA @ RANCHI : अगर आप भी खाने के शौकीन हैं। लजीज व्यंजनों के लिए स्ट्रीट फूड आपकी पसंद है, तो अब टेंशन लेने की जरूरत नहीं है। चूंकि मेट्रो सिटी की तर्ज पर झारखंड की राजधानी रांची में फूड स्ट्रीट हब डेवलप करने की तैयारी है। इसके तहत शाम ढलने के बाद तरह तरह के व्यंजनों का बाजार सजेगा। लोग लजीज खाने का आनंद ले सकेंगे। बता दें कि रांची में एक बार फिर नाइट मार्केट की शुरूआत कचहरी स्थित जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के बाहर होगी। इस नाइट मार्केट में विशेष रूप से हेल्दी और हाईजेनिक स्ट्रीट फूड खाने को मिलेगा। नगर निगम इसके लिए टेंडर निकालने जा रहा है।

फूड वेंडर्स लगा सकेंगे दुकान

फूड स्ट्रीट हब में दुकान लगाने के इच्छुक स्ट्रीट वेंडर्स से आवेदन मंगाए जाएंगे। नगर निगम दुकानदारों का चयन करेगा, जिसमें वेंडर की दुकान, पेपर, और अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच की जाएगी। चयनित दुकानदारों को मोबाइल फूड वैन या मोबाइल कियोस्क लगाने की अनुमति दी जाएगी। आवेदन के साथ जरूरी दस्तावेज भी नगर निगम में जमा करने होंगे। निगम की ओर वेंडर्स को जरूरी सुविधाएं दी जाएंगी। इसमें पेविंग, स्वच्छ जल, हाथ धोने के लिए पानी, टॉयलेट सुविधाएं, वेस्ट डिस्पोजल और पार्किंग जैसी सेवाएं शामिल हैं। इसके अलावा सुरक्षा को लेकर इंतजाम किए जाएंगे।

स्टेडियम के बाहर लगेंगी 40 दुकानें

जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम का एरिया काफी बड़ा है। स्टेडियम के ठीक बाउंड्री से सटे दो एरिया में 40 दुकानें लगेंगी। ये दुकानें रवींद्र भवन और स्टेडियम के मेन गेट की तरफ होगी। इससे जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम भी गुलजार रहेगा। 40 दुकानों पर लोगों को अलग-अलग तरह के फूड आइटम खाने को मिलेंगे। बता दें कि स्टेडियम के आसपास कई होटल है। नजदीक में कई स्कूल, कॉलेज और एजुकेशनल संस्थान भी हैं। इससे काफी भीड़ जुटने की संभावना जताई जा रही है।

बड़ा तालाब में सफल नहीं रहा नाइट मार्केट



पिछले कुछ वर्षों में राजधानी में नाइट मार्केट के प्रयास सफल नहीं हो पाए थे। मेन रोड में नाइट मार्केट की शुरूआत हुई थी। देर रात तक बाजार गुलजार था। लेकिन, कुछ दिन के बाद वह बंद हो गया। इसके बाद बड़ा तालाब के पास नाइट मार्केट की योजनाएं शुरू की गईं, लेकिन सुरक्षा और प्रबंधन में कमी के कारण ये बंद हो गईं। अब नगर निगम ने जयपाल सिंह स्टेडियम के पास यह नया प्रयास शुरू किया है, लेकिन यहां भी सुरक्षा और निगरानी पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होगी।

बेखौफ अपराधी : सुबह-सुबह ताला तोड़कर लाखों के आभूषण और कैश ले उड़े चोर

पुनदाग में एक ही अपार्टमेंट के 4 फ्लैटों को चोरों ने बनाया निशाना

बंद घरों में चोरी की वारदात को लगातार दिया जा रहा अंजाम

CRIME REPORTER RANCHI : राजधानी रांची में अब गार्ड युक्त अपार्टमेंट में भी चोर दु:साहस दिखाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला रांची के पुनदाग ओपी क्षेत्र के एकलव्य टावर का है। यहां एक साथ चार फ्लैटों का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों ने लाखों के गहने और कैश उड़ा लिए हैं। राजधानी में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। खासकर बंद घर तो जैसे चोरों को न्योता दे रहे हैं। बंद घर में लगातार चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। इस बार बंद घरों में चोरी का मामला पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित एकलव्य टावर का है। गुरुवार को अहले सुबह एकलव्य टावर के चार फ्लैट्स का ताला तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। एकलव्य टावर की सोसाइटी से मिली जानकारी के अनुसार, चार की संख्या में अज्ञात चोरों द्वारा फ्लैट नंबर 406, 502, 507 और 304 का ताला तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। जिन फ्लैट्स में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है, वे लोग अपने घरों में ताला बंद कर अलग-अलग शहरों में गए हुए थे। सोसाइटी से ही मिली जानकारी के अनुसार, सभी घरों में 10 लाख से ज्यादा के जेवरात और 5 लाख से ज्यादा नगद चोरी की गई है। फ्लैट मालिकों के आने के बाद थाने में एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

- हथौड़ी और ताला तोड़ने वाले दूसरे औजार लेकर अपार्टमेंट में घुसे थे सभी चोर
- चेहरा छिपाए रखने के लिए किया गया मंकी कैप का इस्तेमाल

सीसीटीवी में कैद है वारदात

एकलव्य टावर की सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी करने वाले सभी चोरों की तस्वीर भी कैद हुई है। चोर हाथ में हथौड़ी और ताला तोड़ने वाले दूसरे औजार लेकर अपार्टमेंट में घुसे। अपना चेहरा छुपाने के लिए चारों ने मंकी कैप भी पहन रखा था। गुरुवार की सुबह तकरीबन तीन बजे के करीब चारों चोर अपार्टमेंट में पहुंचे हैं और ताला तोड़कर बड़े आराम से चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार भी हो गए। सभी चोरों ने अपनी-अपनी चप्पल खोल कर अपने हाथों में रख लिए थे, ताकि किसी को उनकी आहट सुनाई ना दे।

जांच में जुटी पुलिस

मामले की जानकारी मिलने के बाद पुनदाग पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुट गई है। एकलव्य टावर में रहने वाले कौशल ने बताया कि सोसाइटी द्वारा अपार्टमेंट की रखवाली के लिए गार्ड भी रखा गया है। रात में गार्ड मौजूद भी था, लेकिन वह सोया हुआ था। उसकी मौजूदगी में ही चोर अंदर घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

संयुक्त कार्रवाई में दबोचे गए सभी आरोपी

रेलवे स्टेशन से 45 किलो गांजा बरामद, तीन अरेस्ट

CRIME REPORTER RANCHI : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से कुल आठ बोरियों में 45 किलो गांजा बरामद किया है। मामले में बिहार के बक्सर निवासी चंदा कुमार चौधरी, अभिषेक प्रधान और उपेंद्र चौधरी शामिल है। आरपीएफ निरीक्षक शिशुपाल कुमार ने गुरुवार को बताया कि रांची रेल मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर लगातार मादक पदार्थों और शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में रांची रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की फ्लाइंग टीम, आरपीएफ रांची तथा सीआईबी रांची की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। रांची स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर ओवरब्रिज के नीचे तीन संदिग्ध व्यक्तियों को बैगों में भारी सामान के साथ बैठे देखा गया। संदेह होने पर तीनों व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनके बैग की जांच की गई। इनके पास कुल 8 बोरियों में 45 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। सहायक सुरक्षा आयुक्त, अशोक कुमार सिंह की उपस्थिति में सभी पैकेटों की डीडी किट से जांच की गई, जो पॉजिटिव पाई गई। बरामद गांजा की कीमत लगभग साढ़े चार लाख रुपये बताया गया है।

BRIEF NEWS

मौनी अमावस्या पर राधारानी कुष्ठ आश्रम में किया गया प्रसाद का वितरण

RANCHI : मौनी अमावस्या पर भदानी बिल्डकॉन झुमरी तिलैया ने दयाराम भदानी की स्मृति में इटकी रोड स्थित राधारानी कुष्ठ आश्रम में 200 कुष्ठ रोगियों में प्रसाद वितरण किया। श्रेयस भदानी और अनन्या मंगल ने श्रद्धा के साथ लोगों को प्रसाद का वितरण किया। सेवा विभाग विश्व हिंदू परिषद झारखंड के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इसकी व्यवस्था प्रांत सह सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल और प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह मुंडा द्वारा की गई। मौके पर राजू कुमार की आत्मा की शांति के लिए भी प्रार्थना की गई। साथ ही बताया गया कि श्रेयस भदानी 1 फरवरी को रांची में बच्चों के बीच प्रसाद वितरण करेंगे।

जैप 1 में आयोजित कार्यक्रम में डीजी आरके मल्लिक को दी गई विदाई

RANCHI : झारखंड पुलिस में डीजी रैंक के अफसर अजय कुमार सिंह व आरके मलिक शुक्रवार को सेवानिवृत हो जाएंगे। इसको लेकर डोरंडा स्थित जैप 1 परिसर में आरके मल्लिक की सेवानिवृति को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा विदाई कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। वहीं पूर्व डीजीपी अजय कुमार के विदाई को लेकर कल यानि शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अजय कुमार वर्तमान में झारखंड पुलिस हाउसिंग में एमडी के पद पर पदस्थापित हैं, जबकि आरके मलिक डीजी मुख्यालय के पद पर पदस्थापित थे। विदाई समारोह में झारखंड पुलिस के कई अधिकारी उपस्थित थे।

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे आईपीएस एमएस भाटिया

RANCHI : झारखंड कैडर के 1993 बैच के आईपीएस एमएस भाटिया केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौट आए हैं। गुरुवार को आईपीएस एमएस भाटिया पुलिस मुख्यालय पहुंचे थे। इससे पहले भाटिया केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे और वो सीआरपीएफ में आईजी एडमिन के पद पदस्थापित थे। गौरतलब है कि अक्टूबर 2024 में झारखंड सरकार ने एमएस भाटिया को डीजी रैंक में प्रोफार्मा प्रोन्नति दी थी। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी की गई थी। वहीं दूसरी तरफ एक दिन बाद यानि 31 जनवरी झारखंड पुलिस के दो डीजी रैंक के अफसर अजय कुमार और आरके मल्लिक रिटायर हो जाएंगे। इसके बाद एस भाटिया के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौट जाने के बाद झारखंड पुलिस में डीजी रैंक के अफसर की संख्या कुल चार हो जाएगी।

निगम आज से 11 फरवरी तक लगाएगा विशेष शिविर

RANCHI : नगर निगम आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 31 जनवरी से 11 फरवरी तक विशेष शिविर का आयोजन करने जा रहा है। नगर प्रशासक के निर्देश पर राजस्व शाखा की टीम विभिन्न वार्डों में प्रतिदिन शिविर लगाकर भवन मालिकों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और अन्य धृतिधारकों से टैक्स कलेक्शन के साथ नए आवेदन लेगी। इन शिविरों में निगम के पदाधिकारी, टैक्स कलेक्टर और मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स के सदस्य उपस्थित रहेंगे। शिविर में नए होल्डिंग के लिए आवेदन, होल्डिंग टैक्स का ऑन-स्पॉट भुगतान हो सकेगा। इसके अलावा होल्डिंग के सेल्फ असेसमेंट, री-असेसमेंट और म्यूटेशन हेतु आवेदन भी लिए जाएंगे।

सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

गांधीजी ने अहिंसा को पूरे विश्व में दिलाई मान्यता : केशव कमलेश

- कांग्रेस मुख्यालय में गांधी की प्रतिमा पर नेताओं ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

PHOTON NEWS RANCHI : गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और अन्य नेताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में कांग्रेस के कार्यकताओं और नेताओं ने गांधीजी के सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी हमारे समाज और देश के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने अहिंसा को विश्व में मान्यता दिलाई और स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज हमें बापू, डॉ. अंबेडकर और हमारे संविधान के आदर्शों की रक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ ताकतें जो गांधीजी के विरोधी थीं, अब उनके विचारों का हवाला दे रही हैं। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, किशोर शाहदेव, खुर्शीद हसन, राजेश सिन्हा और अन्य कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर गांधीजी के विचारों को फैलाने और समाज में उनके आदर्शों को पुनः स्थापित करने का संकल्प लिया गया।

कल रांची पहुंचेंगे कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर

RANCHI : पहली फरवरी को कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर रांची पहुंचेंगे। झारखंड में होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर मीटिंग में रणनीति बनाई जाएगी। दलीय आधार पर झारखंड में शहरी निकाय चुनाव नहीं होने के बावजूद कांग्रेस की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा वार्ड पार्षद, डिप्टी मेयर और फिर मेयर, नगर पंचायत, नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाधयक्ष के पदों पर कांग्रेसी विचारधारा वाले लोग आसीन हो। इसके लिए विशेष योजना के तहत काम किया जाएगा। 2 फरवरी को रामपुर के पास स्थित बागवानी सभागार में गुलाम अहमद मीर पहले सत्र में पार्टी के विधायक, मंत्री, सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व सांसदों के साथ बैठक करेंगे।

पशुपालन निदेशालय में कृषि मंत्री ने अधिकारियों के साथ की मीटिंग

बीज उत्पादन के क्षेत्र में झारखंड को बनाएंगे आत्मनिर्भर : शिल्पी नेहा तिर्की

मंत्री ने की बीज निगम और जीव-जंतु कल्याण बोर्ड की कार्यप्रणाली की समीक्षा

PHOTON NEWS RANCHI : गुरुवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड को बीज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। रांची स्थित पशुपालन निदेशालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ बीज निगम और जीव जंतु कल्याण बोर्ड की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य के बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल की जा रही हैं, ताकि झारखंड बीज के मामले में दूसरे राज्यों पर निर्भर न रहे। मंत्री ने बैठक के बाद कहा कि राज्य में बीज उत्पादन की स्थिति वर्तमान में अन्य राज्यों पर निर्भर है। राज्य हर साल करोड़ों रुपये बीज खरीद और वितरण पर खर्च करता है। उन्होंने कहा कि आज देश के कई राज्य बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर हैं और दूसरों को बीज सप्लाई भी कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि झारखंड आने वाले समय में बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बने और हमें अन्य राज्यों से बीज की खरीदारी के लिए निर्भर न रहना पड़े।

कर्नाटक जैसी योजना पर करेंगे काम

मंत्री ने यह भी बताया कि हाल ही में विभाग की टीम ने कर्नाटक राज्य का दौरा किया, जहां बीज उत्पादन के क्षेत्र में शानदार कार्य हो रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि कर्नाटक ने बीज उत्पादन को लेकर जो नीति और शोध अपनाया है, उसे हमें भी अपनाने की जरूरत है। इससे झारखंड में बीज उत्पादन और वितरण की प्रक्रिया में सुधार आएगा। जिससे राज्य इस क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना पाएगा।

सेमिनार में जुटेंगे विशेषज्ञ

पशु कल्याण के मुद्दे पर कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य में बहुत जल्द एक वृहद सेमिनार आयोजित किया जाएगा। इसमें एनजीओ और पशु कल्याण से जुड़े विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पशु कल्याण से संबंधित कई मुद्दे ऐसे हैं, जिन पर विभाग के पास पर्याप्त जानकारी नहीं है। लेकिन, एनजीओ इस क्षेत्र में लगातार काम कर रहे हैं और जमीनी स्तर पर उनका काम दिखाई भी देता है। हम इस तरह के एनजीओ के अनुभव और उनके किए गए अध्ययन से लाभ उठाने के लिए एक वृहद सेमिनार आयोजित करेंगे। पशु कल्याण के लिए यह जरूरी है कि विभाग और एनजीओ मिलकर काम करें ताकि राज्य में पशुओं के कल्याण के लिए ठोस कदम उठाए जा सकें।

हेमंत सरकार ने बोर्ड की सारी कमियों को दूर करने का किया फैसला

बिजली बोर्ड में सभी पदों पर जल्द होगी नियमित नियुक्ति

कोई भी पद अब प्रभार अथवा एक्सटेंशन के आधार पर नहीं रहेगा

सिर्फ चार इंजीनियरों को ही सीएमडी बनने का मिला है मौका

किसी भी आईएएस ने पूरा नहीं किया है कार्यकाल

PHOTON NEWS RANCHI : अब हेमंत सरकार ने बिजली बोर्ड के सभी कल कांटे दुरुस्त करने का फैसला किया है। विभिन्न पदों पर नियुक्ति का प्लान तैयार कर लिया गया है अब किसी भी पद को एक्सटेंशन और प्रभार में नहीं रखा जाएगा। सभी रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। विज्ञापन जारी होते ही झारखंड ऊर्जा विकास निगम में सीएमडी, एमडी और डायरेक्टर के लिए लॉबिंग शुरू हो गई है। इंजीनियर इन चीफ से लेकर चीफ इंजीनियर तक सीएमडी, एमडी और डायरेक्टर पद के लिए जोरदार आजमाइश कर रहे हैं। ऊर्जा विकास निगम में सीएमडी का पॉलिटिकल पोस्ट है। फिलहाल सीएमडी का पद प्रभार में चल रहा है।

15 आईएएस सीएमडी की संभाल चुके हैं कमान

राज्य गठन से लेकर अब तक 15 आइएएस सीएमडी की कमान संभाल चुके हैं। इसके बावजूद बिजली आपूर्ति नहीं हो पाई है। अब तक सिर्फ चार इंजीनियर एचबी लाल, राजीव रंजन, एसएन वर्मा और बीएम वर्मा को ही सीएमडी बनने का मौका मिला। अब तक बिजली बोर्ड में जितने भी आईएएस अध्यक्ष रहे, उनमें से किसी ने भी तीन साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया। पूर्व मुख्य सचिव शिव बसंत दो बार बिजली बोर्ड के अध्यक्ष रहे। पहले अध्यक्ष के रूप में इनका कार्यकाल सिर्फ दो माह का ही रहा।

बिजली बोर्ड का कैडर मैनेजमेंट

बिजली बोर्ड के बंटवारे के बाद कंपनियों में एमडी और डायरेक्टर की नियुक्ति आनन-फानन में कर ली गई थी। इसमें भी वरीयता का ख्याल नहीं रखा गया था। निदेशक मंडल में दो प्रधान सचिव रैंक के आईएएस अफसर शामिल थे। इसमें ऊर्जा और वित्त विभाग के प्रधान सचिव शामिल थे। इन्हें एमडी का निर्णय मानना बाध्य हो गया था। उस समय बिजली बोर्ड में प्रबंध निदेशक चीफ इंजीनियर रैंक के दो अफसर केके वर्मा और सुभाष सिंह को बनाया गया था। इन्हें आईएएस अफसरों को रिपोर्ट करना था। वहीं पूर्व सीएमडी एसएन वर्मा को भी आईएएस रिपोर्ट करते।

इन पदों पर की जाएगी बहाली

उर्जा विकास निगम के निदेशक वित्त, उत्पादन निगम के लिए निदेशक वित्त, उत्पादन निगम के लिए निदेशक तकनीक, उत्पादन निगम के लिए निदेशक परियोजना, संचरण निगम के लिए निदेशक वित्त, संचरण निगम के लिए निदेशक परियोजना, संचरण निगम के लिए निदेशक संचालन, वितरण निगम के लिए निदेशक वित्त और वितरण निगम के लिए निदेशक वितरण के पद पर नियुक्ति का विज्ञापन जारी किया गया है। आवेदन 21 फरवरी तक जमा किए जाएंगे।

रांची के अंजुमन इस्लामिया का चुनाव समय पर कराने की उठी आवाज

अलग-अलग संगठनों ने की ग्रामीण क्षेत्रों तक दायरा बढ़ाने की मांग

PHOTON NEWS RANCHI : अंजुमन इस्लामिया रांची का चुनाव वक्त पर कराने और अंजुमन के कार्यक्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने की मांग को लेकर अंजुमन बचाओ मोर्चा के बैनर तले विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का ज्ञापन सौंपा। इसकी अगुवाई लेखक सह समाजसेवी रमजान कुरैशी ने की। कुरैशी ने कहा कि अंजुमन इस्लामिया रांची की मौजूदा कार्यसमिति का कार्यकाल 30 अगस्त 2025 को पूरा हो रहा है। लेकिन, इसके बायलॉज के मुताबिक अब तक वर्तमान कार्यसमिति ने इलेक्शन कनवेनर का चयन नहीं किया है। इससे मालूम होता है कि मौजूदा कार्यसमिति समय पर अंजुमन इस्लामिया का चुनाव कराने की मंशा नहीं रखती है। चूंकि अंजुमन इस्लामिया का कार्यक्षेत्र अथवा दायरा काफी बड़ा है और वोटर लिस्ट तैयार करने और मतदान संपन्न कराने में लंबा समय लगता है। ऐसे में अब तक इलेक्शन कनवेनर का इंतेखाब नहीं करना अंजुमन इस्लामिया के बायलॉज का उल्लंघन करने जैसा है। प्रतिनिधमंडल ने आगे मांग करते हुए कहा कि अंजुमन इस्लामिया रांची का कार्यक्षेत्र अथवा दायरा को वक्फ बोर्ड के माध्यम से बायलॉज के मुताबिक बढ़ाया जाए। मालूम हो कि समय के साथ पिछले 35-40 वर्षों में रांची के शहरी और ग्रामीण इलाकों में भौगोलिक बदलाव के साथ आबादी में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। इसलिए वक्त के साथ देही इलाकों को भी दायरा में जोड़ा जाए।

समाचार सार

समाहरणालय में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय परिसर में गुरुवार को शहीद दिवस (राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि) पर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर, उपविकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, परियोजना निदेशक-आईटीडीए जयदीप तिग्गा, सामान्य शाखा प्रभारी उपसमाहर्ता कुमार हर्ष सहित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी व समाहरणालय संवर्ग के सभी कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन रखा। राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिले के सभी कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड व अंचल कार्यालय में शहीदों को स्मरण किया गया।

नेताजी को समर्पित कैलेंडर विमोचित

JAMSHEDPUR : साकची बस स्टैंड के पास गुरुवार को सामाजिक संस्था हिंद सेवा समिति के प्रधान कार्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को समर्पित कैलेंडर का विमोचन किया गया। नेताजी जयंती (23 जनवरी) पर समिति द्वारा प्रकाशित कैलेंडर में अन्य शहीदों के चित्र भी हैं। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अशोक पांडेय, महासचिव शंभू मुखी डूंगरी, उपाध्यक्ष डॉ. पवन पांडेय आदि भी उपस्थित थे।

मजहरुल बारी ने वनकर्मियों को दिया प्रशिक्षण

JAMSHEDPUR : टाटा स्टील के सुरक्षाकर्मी मजहरुल बारी ने गुरुवार को वन विभाग के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया, जिससे वे आपात स्थिति में ऊंचे भवन व पेड़ से किसी को सुरक्षित निकाल सकें। इसके लिए उप वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक गज परियोजना, जमशेदपुर सबा आलम अंसारी ने प्रशस्तिपत्र भी दिया। ज्ञात हो कि बारी कुशल गोताखोर के रूप में लोकप्रिय हैं।

राष्ट्रपिता की याद में डीसी ने रखा मौन

JAMSHEDPUR : समाहरणालय सभागार में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उपायुक्त अनन्य मित्तल ने 2 मिनट का मौन रखा। इस मौके पर अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्य सरकार के निदेर्शानुसार सभी सरकारी कार्यालयों व संस्थानों में शहीद दिवस मनाया गया।

उपायुक्त ने शहीदों को अर्पित की विनम्र श्रद्धांजलि

SERAIKELA : उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को 2 मिनट का मौन रख कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपविकास आयुक्त सह परियोजना निदेशक-आईटीडीए आशीष अग्रवाल, अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार, उपनिर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार भी उपस्थित रहे।

सास्था प्रीति महोत्सव आज से

JAMSHEDPUR : खरकई लिंक रोड, बिष्टुपुर स्थित धर्मसास्था मंदिर में 31 जनवरी से 9 फरवरी तक 77वां सास्था प्रीति महोत्सव मनाया जाएगा। शुक्रवार सुबह 8 बजे गणपति पूजन से अनुष्ठान प्रारंभ होगा। गुरुवार को मंदिर परिसर में संस्था के चेयरमैन पीएन शंकरन ने बताया कि अनुष्ठान संपन्न कराने के लिए चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई व दिल्ली से 32 पुरोहित आए हैं। प्रेस वार्ता में अध्यक्ष एन राममूर्ति, महासचिव बी. सुब्रमण्यन व कोषाध्यक्ष एएस विश्वेश्वरन भी उपस्थित थे।

छात्राओं को बताए गए फाइलेरिया के लक्षण

JAMSHEDPUR :शोभा सहाय ट्रस्ट की ओर से गुरुवार को दस नंबर बस्ती, सिदगोड़ा स्थित हिंदुस्तान मित्र मंडल स्कूल के प्रागण में कार्यक्रम किया गया, जिसमें फाइलेरिया बीमारी से छात्राओं को जागरूक किया गया। स्कूल के प्रधानाध्यापक छक्कन चौधरी और स्कूल की मैनेजमेंट टीम ने सभी बातों को विस्तार से समझाया। सभी से अनुरोध किया गया कि आप सभी इस बार फाइलेरिया की दवा अवश्य खाएं और जिला व समाज को फाइलेरिया मुक्त बनाने में योगदान दें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट की टीम ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

गांधी मैदान में वाहनों में भर कर रखा गया है कचरा

मानगो में अब भी हर तरफ कचरे का अंबार, नहीं हो रहा उठाव

MUJTABA RIZVI @ JSR

मानगो में अभी भी कचरे का उठाव नहीं हो रहा है। जगह-जगह कचरा डंप है। हर तरफ बदबू उठ रही है। मानगो नगर निगम ने अपने सभी कचरा ढोने वाले वाहनों को कचरे से लोड कर गांधी मैदान में खड़ा कर दिया है। इस वजह से गांधी मैदान में बदबू आ रही है। मानगो नगर निगम कचरा निस्तारण को लेकर हो रही परेशानी का हल नहीं खोज पाया है।

मानगो का कचरा पहले सोनारी के डंपिंग यार्ड में जाता था। मगर, यहां के स्थानीय लोग कचरा फेंके जाने का विरोध करते थे। इसके बाद वहां कचरा फेंकने का काम बंद कर दिया गया। तब से मानगो का कचरा कहां फेंका जाए, इसे लेकर नगर निगम के सामने दिक्कत खड़ी हो गई है। पिछले एक महीने से यह परेशानी चल रही है। मानगो से कचरो उठाव रुक गया है। समाजसेवी विकास सिंह ने पखवारा भर पहले एलान किया था कि अगर मानगो से कचरा उठाव नहीं किया जाता तो वह आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे। इसके बाद मानगो नगर निगम के अधिकारी परेशान हो गए। इसके बाद नगर निगम के अधिकारियों ने कचरा ढोने के लिए लगाई गई गाड़ियों में कचरा लोड कर इसे गांधी मैदान के सामने खड़ा कर दिया है। इससे गांधी मैदान में भी बदबू फैल रही है। नगर निगम के सामने इस बात का कोई जवाब नहीं है कि कचरा उठाव कब होगा। कचरा कहां फेंका जाएगा।

मानगो नगर निगम परिसर में कचरे से लदी गाड़ियां • फोटोन न्यूज

जनप्रतिनिधि भी खामोश

मानगो कचरे के ढेर पर है। यहां सफाई व्यवस्था भी चरमराई हुई है। मगर, जनप्रतिनिधि खामोश हैं। सांसद और विधायक समेत सभी जनप्रतिनिधि इस मामले में खामोश बैठे हुए हैं। किसी के पास कोई ठोस हल नहीं है। पूर्व विधायक बन्ना गुप्ता जब यहां के विधायक थे, तो उन्होंने मानगो की समस्या हल करने की कोशिश नहीं की। अब वह इस मसले के सुलझाने के लिए सीएम से मिल रहे हैं।

कम सफाईकर्मियों के कारण फैल रही गंदगी

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने गुरुवार को कहा कि जमशेदपुर, मानगो नगर निगम और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति अंतर्गत मुख्य सड़कों, नालियों की सफाई करने तथा कचरा उठाने के काम में लम्बे अरसे से कोताही बरती जा रही है। दोनों ही नगरपालिकाओं में इस काम के लिए प्रतिमाह लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं, परंतु सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं है। जो ठेकेदार इस काम के लिए नगरपालिकाओं द्वारा बहाल किए गए हैं और इन ठेकेदारों को जितनी संख्या में सफाई कर्मियों को प्रतिदिन रखना है, वे उससे काफी कम संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती क्षेत्र में कर रहे हैं, जबकि इसके लिए ठेकेदार पूरा पैसा ले रहे हैं। मानगो नगर निगम के नगर आयुक्त और जेएनएसी के उप नगर आयुक्त यह सुनिश्चित करें कि उनके विधानसभा क्षेत्र में सभी सड़कों और गलियों की सफाई तत्परता से हो तथा वहां से प्रतिदिन कचरा उठाया जाए। एक बयान में सरयू राय ने कहा कि उन्होंने अपने सहयोगियों को निर्देश दिया है कि वे इस बात कि पूरी छानबीन लगातार करें कि ठेकेदारों को जितनी संख्या में सफाईकर्मी रखना है, उतनी संख्या में सफाईकर्मी क्षेत्र में कार्यरत हैं अथवा नहीं। इस सिलसिले में गुरुवार को जेएनएसी के अंतर्गत कदमा क्षेत्र में सहयोगियों ने सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया और पाया कि वहां के लिए ठेकेदार द्वारा कुल 72 महिला और पुरूष सफाईकर्मियों को तैनात करने का प्रावधान है, परंतु औचक निरीक्षण में वहां केवल 54 सफाईकर्मी ही पाए गए।

सदर अस्पताल में हुआ दोनों नक्सलियों का पोस्टमार्टम

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुआ थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए दोनों नक्सलियों का पोस्टमार्टम गुरुवार को सदर अस्पताल में हुआ। पोस्टमार्टम करने वाली तीन सदस्य मेडिकल टीम में डॉ, प्रिंस पिंगुवा, डॉ. दीपक कुमार सिन्हा और डॉ. गजेंद्र नायक शामिल थे। मजिस्ट्रेट के रूप में सोनुआ के अंचल अधिकारी अनुज टेटे मौजूद थे। जिन नक्सलियों का पोस्टमार्टम किया गया, उसमें सिमरिया के 40 वर्षीय संजय गंझू उर्फ विजय गंझू और बोकारो की 40 वर्षीय हेमंती मंझियाइन शामिल है। बता दें कि बुधवार को पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में पुलिस ने दो नक्सली को मार गिराया था। इस दौरान भारी मात्रा में हथियार, कारतूस सहित कई सामग्री पुलिस ने बरामद की थी। इस घटना के बाद से नक्सली एक बार फिर बैकफुट पर नजर आ रहे हैं। बहरहाल पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस अब नक्सली मुक्त अभियान चला रही है। इसमें पुलिस का कहना है कि सरेंडर करो या गोली खाओ। पुलिस पूरी तरह आरपार की लड़ाई के मूड में है।

बिष्टुपुर में मिला महिला का शव अब तक नहीं हो सकी पहचान

सोनारी में मेरीन ड्राइव पर सड़क किनारे मिली लाश से फैल गई सनसनी

JAMSHEDPUR : बिष्टुपुर में गुरुवार को एक महिला का शव मिला। शव मेरीन ड्राइव पर बेल्डीह ग्राम बस्ती के पास मिला। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मेरीन ड्राइव पर सड़क किनारे शव मिलने की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई। शव देखने वाले जुटने लगे। इसी बीच किसी ने शव मिलने की जानकारी पुलिस को दे दी।

इसके बाद बिष्टुपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को एमजीएम अस्पताल के शीतगृह में शव रख दिया है। पुलिस का कहना है कि शव सड़क किनारे पड़ा हुआ था। शव की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने मौके पर ही शव की पहचान कराने की कोशिश की, मगर कामयाबी नहीं मिली। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

वाहन में रखा गया शव

कर्ज से दबे पुट्टी मिस्त्री ने फांसी लगा कर दी जान

एमजीएम थाना क्षेत्र के रुपाईडांगा के रहने वाले 25 वर्षीय राम कर्मकार ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। मृतक की पत्नी सोनिया कर्मकार का कहना है कि उसके पति ने बैंक से दो लाख रुपये लोन लिया था। इसी वजह से टेंशन में रहते थे। सोनिया का कहना है कि वह पड़ोस में गई थी। वहां से घर लौटी तो देखा दरवाजा अंदर से बंद है। खटखटाने पर जब दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों की मदद से तोड़ा गया। सोनिया का कहना है कि अंदर उसके पति की लाश फंदे पर लटक रही थी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह पता चलेगी।

बहरागोड़ा में वाहन ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, मौत

बहरागोड़ा में एक अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में साइकिल सवार टोटासाई गांव के 30 वर्षीय दीपक मुंडा की मौत हो गई। दीपक बहरागोड़ा से मेला देख कर घर लौट रहा था। तभी यह हादसा हुआ। वाहन ने उसकी साइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

परसुडीह में कचरा फेंकने के विवाद में महिला से मारपीट

परसुडीह के मकदमपुर में कचरा फेंकने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में एक महिला फरहत खातून के साथ मारपीट की गई है। इस मारपीट में महिला का सिर फट गया है। परिजनों ने परसुडीह थाने में मामले की शिकायत कर दी है। मगर, पुलिस ने अब तक आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की है। महिला का कहना है कि कुछ आरोपी दुबई से यहां छुट्टी बिताने आए हैं। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो ये कुछ दिन में फरार हो जाएंगे।

बर्मामाइंस में कार ने युवक को मारी टक्कर

बर्मामाइंस में एक युवक अनीस मुखी को कार ने गुरुवार को तब टक्कर मार दी, जब वह अपने घर से सामान खरीदने निकला था। अनीस सामान खरीद कर दुकान से घर जा रहा था, तब यह हादसा हुआ। अनीस को टक्कर मार कर चालक कार सहित फरार हो गया। अनीस का इलाज एमजीएम अस्पताल में कराया गया है।

कुंभ में लापता दोनों महिलाएं पुलिस के संरक्षण में मिलीं, परिजनों में खुशी की लहर

घाटशिला से गए सभी 12 श्रद्धालु लौट रहे, पोटका की महिला अब भी लापता

PHOTON NEWS GHATSILA : प्रयागराज के महाकुंभ मेले में मची भगदड़ के दौरान लापता हुई दो महिलाएं गुरुवार को सुबह में पुलिस के पास सुरक्षित मिलीं। दोनों के मिलने से परिवार के लोगों में खुशी का माहौल है। मेले में मिलने के बाद महिला सुनैना देवी व सरिता देवी ने बताया कि जिस दौरान भगदड़ मची, वह भी उसका शिकार हो गयी थीं, लेकिन पुलिस ने उन्हे बचाकर अपने साथ रखा और जब तक परिजन नहीं मिले, यह भरोसा दिलाया कि अगर परिजन नही भी मिलते है तो पुलिस अपनी निगरानी में उन्हे घर तक पहुंचाएगी। इस कारण उन लोगों ने हिम्मत नहीं खोया। लेकिन भगदड़ के दृश्य को वह अभी भी भूल नही पाई हैं। दोनों महिला के मिलने के बाद घाटशिला समेत अन्य स्थानों से गए सभी 12 लोग कुंभ में स्नान के बाद घाटशिला के लिए रवाना हो गए हैं। इधर महिला के लापता होने की सूचना पर घाटशिला से बुधवार की शाम को कुंभ के लिए रवाना हुए परिजन भी लौट कर घाटशिला आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार घाटशिला मुख्य शहर के भूंजा व्यवसायी तारकेश्वर साव अपनी पत्नी सुनैना देवी एवं उनके भाई राजेंद्र साव व उनकी पत्नी सरिता देवी 26 जनवरी को एक स्कार्पियों से अन्य स्थानों के कुल 12 लोग कुंभ गए थे। वे लोग बनारस में रुकने के बाद मंगलवार को कुंभ पहुंचे थे। जिस दौरान ये लोग कुंभ में पहुंचे थे, उसी दौरान भगदड़ मच गई और दोनों महिला का साथ इन लोगों से छूट गया। भगदड़ के शांत होने के बाद बाकी बचे 10 लोगों ने महिला को खोजना शुरू किया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इसके बाद प्रशासन का सहयोग लेकर इनलोगों ने एनाउंस भी कराया, लेकिन गुरुवार की सुबह दोनों महिलाओं की परिजन से मुलाकात हो गई। दोनों महिलाओं ने पुलिस का आभार जताया है। दूसरी ओर पोटका की महिला गीता देवी का अभी तक पता नहीं चल पाया है, वह भी भगदड़ के दौरान लापता हुई थी।

पटमदा के प्रोजेक्ट स्कूल में हुई बाल संसद

JAMSHEDPUR : प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, माचा-पटमदा में गुरुवार को बाल संसद की बैठक हुई, जिसमें विभिन्न ग्राम से आई बालिकाओं को पंचायत सचिव रूमा कुमारी ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बालिकाओं को शिक्षा के साथ आधारभूत संरचना भी मिलनी चाहिए, जिससे वे खुद में आत्मविश्वास ला सकें। एसएमसी सदस्य के साथ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. प्रियंका झा ने बालिकाओं की सुरक्षा तथा विज्ञान की पढ़ाई के लिए विद्यालय में प्रयोगशाला की आवश्यकता बताई। बच्चियों को अपने पैर पर खड़ा होने के लिए स्किल डेवलपमेंट के साथ पढ़ाई में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्लस टू करने की बात रखी। यह प्रखंड में बालिकाओं का एकमात्र उच्च विद्यालय है।

विधायक पूर्णिमा ने 28 विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूर्णिमा साहू ने गुरुवार को टाउन हॉल परिसर, सिदगोड़ा में 28 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं की कुल लागत 5,94,62,291 है, जो नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा वित्तपोषित और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति द्वारा कार्यान्वित की जाएंगी। शिलान्यास किए गए कार्यों में 2,18,55,314 की लागत से 12 सड़क परिवहन परियोजनाएं, 3,47,36,827 की लागत से 15 नागरिक सुविधा परियोजनाएं, और 15वें वित्त आयोग के तहत 28,70,150 की एक परियोजना शामिल है। इन विकास कार्यों में बिरसानगर जोन नंबर 1, भुइयांडीह के ब्राह्मणटोला, गोलमुरी के मथुरा बागान में सड़कों का निर्माण, बिरसानगर, काशीडीह, बमार्माइंस और सीतारामडेरा में पेवर्स ब्लॉक का निर्माण, मनीफीट, बिरसानगर जोन नंबर 1 और भुइयांडीह में नालियों का निर्माण, गोलमुरी सामुदायिक भवन में पुस्तकालय हॉल, बागुनहातु और भुइयांडीह में भूखंडों की बाउंड्री, देवनगर में सामुदायिक भवन निर्माण सहित अन्य परियोजनाएं शामिल हैं।

शिलान्यास करतीं पूर्णिमा साहू

लापता छात्र को खोजने के लिए सभी थानों को किया गया अलर्ट

GHATSILA : ऊपरपावड़ा आदिवासी आवासीय विद्यालय से लापता तीसरी कक्षा के छात्र सुशील मुर्मू का पता 10वें दिन भी नहीं चला। बच्चे की खोज को लेकर पुलिस, स्कूल प्रबंधन व अभिभावक भटक रहे हैं। इस मामले को लेकर आईटीडीए के परियोजना निदेशक ने स्कूल के एचएम कालीचरण स्वांसी व छात्रावास के वार्डेन एस श्रवण को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब देने को कहा था। जवाब में दोनों ने बच्चे को खोजने की बात कही है। इस घटना को लेकर घाटशिला थाना की पुलिस भी परेशान है। थाना प्रभारी मधुसूदन दे ने बताया कि पुलिस बच्चे को खोजने के लिए जिले के सभी थाना के साथ साथ इंटर स्टेट पुलिस को भी मामले से अवगत कराया है। इसके बावजूद कहीं से क्लू नही मिल रहा है। पुलिस का कहना है कि बच्चे के साथ किसी प्रकार की अनहोनी भी होती, तो कहीं न कहीं से कोई पता जरूर चलता। सभी थाना अलर्ट मोड पर हैं। पुलिस लगातार स्कूल प्रबंधन और अभिभावक के संपर्क में है।

राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में देश के 30 संस्थान से 100 प्रतिनिधि ले रहे भाग, प्रस्तुत होंगे 37 तकनीकी पत्र

कोलकाता में शुरू हुआ कोयला व खनिज में नवाचार पर सम्मेलन

PHOTON NEWS JSR : सीएसआईआर-एनएमएल, जमशेदपुर द्वारा 30-31 जनवरी को संसाधनों के सतत उपयोग के लिए कोयला एवं खनिज लक्षण वर्णन में नवाचार (आईसीएमसीएस) पर सम्मेलन का आयोजन फेयरफील्ड बाय मैरियट, कोलकाता में आयोजित किया जा रहा है। एनएमएल, जमशेदपुर की प्लैटिनम जयंती पर संसाधनों के सतत उपयोग के लिए कोयला एवं खनिज लक्षण वर्णन में नवाचार पर यह राष्ट्रीय सम्मेलन हो रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य शोधकताओं, उद्योग जगत के लीडरों और नीति निमार्ताओं को साझा मंच प्रदान करना है, ताकि ज्ञान साझाकरण, नवाचार और संसाधनों के सतत उपयोग हेतु सहयोगात्मक रूप से उन्हें बढ़ावा दिया जा सके। सम्मेलन का उद्घाटन फेयरफील्ड बाय मैरियट, कोलकाता में किया गया, जिसमें कई प्रमुख गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सीएमपीडीआई, रांची, डॉ. संदीप घोष चौधरी, निदेशक, सीएसआईआर-एनएमएल सहित अन्य व्यक्तियों ने सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन किया। सीएसआईआर-एनएमएल के प्लैटिनम जुबिली समारोह का हिस्सा के रूप में यह राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन कोयला और खनिज लक्षण वर्णन, संसाधन अन्वेषण, विश्लेषणात्मक तकनीकों और टिकाऊ प्रथाओं में प्रौद्योगिकियों और पद्धतियों को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में देश भर के 30 संस्थानों के 100 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, तथा छह सत्रों में 37 तकनीकी पेपर प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें कोयला और खनिज अनुसंधान के अत्याधुनिक विषयों को शामिल किया जाएगा।

इन्होंने भी किया संबोधित : सम्मेलन में उद्योग जगत के लीडरों द्वारा दिए गए दो पूर्ण व्याख्यान सुंदर रामम डीबी, उपाध्यक्ष, रॉ मैटेरियल, टाटा स्टील लिमिटेड और जॉय गोपाल घोष, एसोसिएट प्रिंसिपल (भूविज्ञान और अन्वेषण), जियोवेल सर्विसेज भी शामिल थे। सम्मेलन के छह तकनीकी सत्रों में विविध क्षेत्रों को शामिल किया गया, जिनमें कोयला लक्षण-निर्धारण में उभरते रुझान, अन्वेषण तकनीक और संसाधन उपयोग के लिए टिकाऊ दृष्टिकोण शामिल हैं।

सम्मेलन के प्रतिभागी • फोटोन न्यूज

अनुसंधान संगठनों व उद्योग में सहयोग जरूरी : मनोज कुमार

मुख्य अतिथि मनोज कुमार, सीएमडी, सीएमपीडीआई ने सभा को संबोधित किया और संसाधन अन्वेषण और सतत विकास में सीएमपीडीआईएल की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने अनुसंधान संगठनों और उद्योगों के बीच सहयोगात्मक रूप से महत्वपूर्ण विषयों पर जोर दिया, जैसे कि सीएसआईआर-एनएमएल और सीएमपीडीआई के बीच दीर्घकालिक साझेदारी, जिसने कोयला लक्षण-निर्धारण और प्रमाणित संदर्भ सामग्री में प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

खनिजों के सतत उपयोग में लैब की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ. चौधरी

सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी ने गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिनिधियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने पदार्थ विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान, विशेष रूप से कोयला और खनिज लक्षण-निर्धारण तथा उनके सतत उपयोग के क्षेत्र में प्रयोगशाला के महत्वपूर्ण योगदान पर जोर दिया। उन्होंने उद्योगों के साथ सहयोग, नवाचार को बढ़ावा देने, तथा शिक्षा जगत में युवा मस्तिष्कों के नवीन विचारों और क्षमताओं को विकसित करने तथा राष्ट्र निर्माण में एनएमएल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

इन संस्थानों की सहभागिता

इस कार्यक्रम में आईआईटी, खड़गपुर; बीएचयू, वाराणसी; सीएमपीडीआई, रांची; एनसीसीसीएम, बीएआरसी, हैदराबाद; सीएसआईआर-सीएलआरआई, चेन्नई; मिजोरम विश्वविद्यालय; आईआईटी बॉम्बे; टाटा स्टील लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड; एनटीपीसी; सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद; जीएसआई, कोलकाता, सीएसआईआर-आईएमएमटी, भुवनेश्वर; तथा कई अन्य संस्थानों के प्रतिनिधियों प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी में रिसर्च जरूरी : डॉ. संचिता

आईसीएमसीएस-2025 की अध्यक्ष डॉ. संचिता चक्रवर्ती ने कोयला और खनिज लक्षण-निर्धारण और उनके सतत उपयोग में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के विकास को आगे बढ़ाने के लिए अनुसंधान प्रयोगशालाओं और उद्योगों के बीच दीर्घकालिक सहयोग को बढ़ावा देने के महत्वपूर्ण महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने ऐसे सहयोगात्मक प्रयासों से प्राप्त उल्लेखनीय उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला, विशेष रूप से उद्योगों और सीएसआईआर-एनएमएल जैसी प्रमुख राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं के बीच, तथा इस बात पर बल दिया कि किस प्रकार इन साझेदारियों ने नवाचार को बढ़ावा दिया है तथा संसाधन प्रबंधन में प्रमुख चुनौतियों का समाधान किया है।

सर्दियों में स्किन का ख्याल रखता है गुड़, इन तीन तरीकों से करें इस्तेमाल

सर्दी के मौसम में जब आपकी स्किन रूखी व बेजान हो जाती है तो ऐसे में गुड आपकी स्किन को हाइड्रेटेड और ग्लोइंग बनाए रखता है। यह विटामिन, मिनरल और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है जो आपकी स्किन को मॉइश्चराइज़ करने के साथ-साथ उसे एक्सफ़ोलिएट और हील भी करता है।

ठंड के मौसम में हम सभी गुड़ का सेवन जरूर करते हैं। यह शरीर को गरमाहट प्रदान करता है। लेकिन क्या आपको पता है कि गुड़ ठंड के दिनों में आपकी स्किन का ख्याल भी रख सकता है। सर्दी के मौसम में जब आपकी स्किन रूखी व बेजान हो जाती है तो ऐसे में गुड आपकी स्किन को हाइड्रेटेड और ग्लोइंग बनाए रखता है। यह विटामिन, मिनरल और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है जो आपकी स्किन को मॉइश्चराइज़ करने के साथ-साथ उसे एक्सफ़ोलिएट और हील भी करता है।

गुड़ को आप कई अलग-अलग तरीकों से अपने विंटर स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि ठंड के दिनों में अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए आप गुड़ का इस्तेमाल किस तरह करें-

गुड़ और शहद से बनाएं फेस मास्क

ठंड के मौसम में अपनी स्किन की नमी को बनाए रखने और डेड स्किन सेल्स को हटाने के लिए आप गुड़ और शहद की मदद से फेस मास्क बनाकर इस्तेमाल करें।

आवश्यक सामग्री-

1 बड़ा चम्मच गुड़ पाउडर या कुचला हुआ

1 बड़ा चम्मच शहद

इस्तेमाल का तरीका-

सबसे पहले गुड़ को शहद के साथ मिलाकर पेस्ट बना लें।

अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर 10-15 मिनट तक लगाएं।

अंत में, गुनगुने पानी से चेहरा धो लें और स्किन को मॉइश्चराइज करें।

गुड़ से बनाएं लिप बाम

ठंड के मौसम में होंठों के रूखेपन या फटने की समस्या बेहद आम है। ऐसे में आप गुड़ की मदद से लिप बाम बनाएं। यह आपके होंठों की नमी को बनाए रखने में मदद करेगा।

आवश्यक सामग्री-

1 चम्मच गुड़

1 चम्मच घी या नारियल का तेल

इस्तेमाल का तरीका-

गुड़ को घी या नारियल के तेल के साथ मिक्स करें।

अब इसे अपने होठों पर लगाएं।

आप हर दिन इसका इस्तेमाल कर सकती हैं और सर्दियों में भी होंठों को मुलायम बनाए रख सकती हैं।

गुड़ से बनाएं स्क्रब

गुड़ की मदद से स्क्रब भी बनाया जा सकता है। आप इसके साथ ओट्स या चीनी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

आवश्यक सामग्री-

1 बड़ा चम्मच गुड़

1 बड़ा चम्मच पिसा हुआ ओट्स या चीनी

1 बड़ा चम्मच जैतून का तेल

स्क्रब बनाने का तरीका-

सबसे पहले गुड़ को पिसे हुए ओट्स या चीनी के साथ मिक्स करें।

अब इसमें जैतून का तेल मिलाएं।

इसे अपने चेहरे या शरीर पर लगाकर मसाज करें और धो लें।

हेल्दी डाइट के बाद भी कम नहीं हो रहा बजन तो आज से ही शुरू कर दें यह काम, एक हफ्ते में दिखेगा असर

वेट लॉस करना चाहते हैं और इसके लिए एक्सरसाइज भी करते हैं। हेल्दी खाना भी खाते हैं। लेकिन फिर भी मनचाहा रिजल्ट नहीं मिल रहा। इसके लिए कई बार लाइफस्टाइल की बहुत छोटी बातें जिम्मेदार होती हैं। इस बारे में फिटनेस कोच शितिजा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है और बताया कि कैसे वर्कआउट करने के बाद भी वजन कम नहीं हो रहा।

आखिर क्यों दिखता है बढ़ा हुआ वजन

अगर आपका वजन भी रोज एक किलो के करीब ज्यादा दिख रहा तो इसके लिए कई फैक्टर जिम्मेदार होते हैं।

-रात को हाई कार्बोहाइड्रेट वाला डिनर

-स्ट्रेस

-बहुत ज्यादा हैवी वर्कआउट, जिसकी वजह से मसल्स लॉस होने की बजाय स्ट्रेंथ पाती हैं।

-रात को देर से खाना

-पीरियड्स के दौरान भी कुछ महिलाओं का वजन बढ़ा हुआ दिखता है।

-अगर आपकी नींद ठीक से पूरी नहीं हो रही तो भी वेट गेन होगा।

-वेट नापते वक्त आपका पेट खाली होना चाहिए। अगर आप शौच के लिए जाने वाले हैं तो वजन ना तौलें। ऐसे वक्त में भी वेट ज्यादा दिखता है।

-ज्यादा नमक और सोडियम रिच फूड्स खाने की वजह से शरीर में वाटर रिटेंशन की प्रॉब्लम हो जाती है और वजन ज्यादा दिखने लगता है।

कैसे पता करें कि हो रहा वेट लॉस

-अगर आप वजन नापने वाली मशीन पर खड़े होने पर वजन घटा हुआ नहीं पाते तो घबराएं नहीं। रोज वजन घटने की बजाय बढ़ा हुआ दिख रहा तो इस तरह पता करें कि आपकी एक्सरसाइज असर दिखा रही है।

-आपके कपड़ों की साइज बदल गई है और फिटिंग चेंज हो गई है।

-शरीर ज्यादा फ्रेश और स्ट्रांग महसूस करता है। जैसे कि सीढ़ियां चढ़ते वक्त या फिर वेट ट्रेनिंग करना अब पहले से आसान लगता है।

रोज-रोज वजन फलक्चुएट हो रहा लेकिन लंबे समय में वजन घटा है तो इसका मतलब है कि आपकी डाइट और एक्सरसाइज असर दिखा रही है।

स्वेटर-शॉल पर आ गए हैं रोएं तो निकालने के लिए अपनाएं ये तरीके

गर्म कपड़ों में रोएं निकलने से हर कोई परेशान रहता है। एक-दो धुलाई के बाद वूलेन कपड़ों में रोएं निकल आते हैं। जिसकी वजह से महंगे से महंगा कपड़ा पुराना नजर आने लगता है। लेकिन आप कुछ आसान हैक्स की मदद से आप इनको आसानी से हटा सकते हैं।

दिसंबर और जनवरी का महीना आते-आते कई राज्यों में सर्दी ने जोर पकड़ लिया है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। सर्दी से बचने के लिए हम सभी ऊनी कपड़ों का सहारा लेते हैं। लेकिन गर्म कपड़ों में रोएं निकलने से हर कोई परेशान रहता है। एक-दो धुलाई के बाद वूलेन कपड़ों में रोएं निकल आते हैं। जिसकी वजह से महंगे से महंगा कपड़ा पुराना नजर आने लगता है। लेकिन आप कुछ आसान हैक्स की मदद से आप इनको आसानी से हटा सकते हैं। इसके साथ ही आपको कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए। जिससे कि इन कपड़ों में रोएं न लगें। वहीं रोएं की वजह से आपका कपड़ा खराब हो रहा है, तो आप कंघी वाली ट्रिक आजमा सकती हैं।

कपड़ों से क्यों निकलते हैं रोएं

कपड़ों को गलत तरीके से धोने या सुखाने से रोएं निकलने लगते हैं।

ऊनी कपड़े पहनकर सोने से भी कपड़ों में रोएं निकलने लगते हैं।

ऊनी कपड़ों को गर्म पानी से धोने से रोएं भी निकलने लगते हैं।

सस्ती और खराब क्वालिटी का ऊन होने पर रोएं निकल सकते हैं।

कंघी से हटाएं रोएं

आप कंघी की मदद से भी वूलेन कपड़ों से रोएं हटा सकती हैं। सबसे अच्छी बात ये है कि इसमें किसी तरह का कोई खर्च नहीं आता है। आप रोएं वाली जगह पर कंघी को घुमाना होगा। ऐसे में कंघी में रोएं फंसकर साफ हो जाएंगे। ध्यान रखें कि रोएं निकालने के लिए पतली कंघी लेनी होगी।

इन ट्रिक्स से निकालें रोएं

आप पैकिंग टेप की सहायता से आसानी से रोएं निकाल सकते हैं। इसके लिए रोएं पर टेप लगाएं।

इसके अलावा वूलेन कपड़ों को विनेगर में भिगोकर रखें, इससे रोएं आसानी से निकल सकते हैं।

आप शेविंग रेजर की सहायता से भी रोएं निकाल सकते हैं। लेकिन ध्यान रखें कि रोएं निकालते समय कपड़े को कोई नुकसान न हो।

वहीं अगर आपके पास लिंट रिमूवर है, तो यह बेस्ट ऑप्शन होगा।

ऐसे धोएं ऊनी कपड़े

बता दें कि बहुत सारे लोग ऊनी कपड़ों को गर्म पानी से धोते हैं, जिसकी वजह से कपड़ों में रोएं निकल आते हैं। बल्कि गर्म पानी से धोने से इसकी बनावट भी खराब हो जाती है। इसलिए सबसे अच्छा तरीका है कि आप वूलेन कपड़ों को गर्म पानी से धोएं। वहीं अगर आप वूलेन कपड़ों को वॉशिंग मशीन में धोते हैं, तो आपको वूल या डेलिकेट मोड ऑन करें। अगर आप हाथ से इन कपड़ों को धोते हैं, तो ज्यादा बेहतर रहेगा। गर्म कपड़ों को सही तरीके से धोने से गर्म कपड़ों में रोएं की कोई परेशानी नहीं होती है।

साइकल चलाते समय न करें ये गलतियां

अधिकतर लोग खुद को फिट रखने के लिए साइकिल चलाना पसंद कर रहे है और फिटनेस के लिए इसे अपनी रूटीन में शामिल कर रहे है। वैसे भी फिट और एक्टिव रहने के लिए साइकिल चलाना बेस्ट माना जाता है। यदि नियमित रूप से साइकिल चलाई जाए तो इससे बॉडी की पूरी एक्सरसाइज होती है। और टोन्ड और परफेक्ट फिगर पा सकते है। लेकिन साइकिल चलाते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। वरना सेहत से जुड़ी अन्य समस्या हो सकती हैं।

- कुछ लोगों की आदत होती है कि वे बार-बार पानी पीते है, ये बिलकुल अच्छी बात है लेकिन साइकिल चलाते समय अधिक मात्रा में पानी नहीं पीना चाहिए। क्योंकि साइकिल चलाते वक्त अधिक मात्रा में पानी पीया जाएं तो इससे मतली की समस्या होने लगती है। वहीं ज्यादा पानी पीने से बार-बार पेशाब आएगी। जिससे पेट में दर्द हो सकता है। इसलिए साइकिल चलाते वक्त पानी न पीएं।
- साइकिल चलाना फिट रहने के लिए एक बेस्ट विकल्प है। इसलिए साइकिल चलाते वक्त फास्ट फूड या फिर जंक फूड से दूरी रखना ही बेहतर होता है, क्योंकि अनहेल्दी खाने से शरीर में फेट बढ़ता है। इससे आप सुस्त महसूस करेंगे।
- साइकिल चलाने से पहले स्ट्रेचिंग न करें। वैसे आमतौर पर वर्कआउट से पहले स्टेचिंग की सलाह दी जाती है। लेकिन साइकिल चलाने से पहले स्ट्रेचिंग न करें। इससे मांसपेशियां कमजोर हो सकती है और उनमें खिंचाव आ सकता है। यदि आप स्टेचिंग करना चाहते है तो कम से कम आधे घंटे पहले करें।
- कई बार ऐसा होता है कि हम साइकिल राइड को मजेदार बनाने के लिए स्टंट करना शुरू कर देते हैं। इससे एक्सीडेंट होने की संभावना अधिक रहती है।

सर्दियों में लहसुनी पालक का लुत्फ उठाएं

सर्दियों के दौरान हरी सब्जियां खाना काफी पौष्टिक माना जाता है। पालक खाना सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होती। ठंड के मौसम में लहसुनी पालक का लुत्फ उठाएं, स्वाद इतना गजब सब करेंगे तारीफें।

ठंड के मौसम में साग, पालक और मेथी की सब्जी खूब खाई जाती है। सब्जी मंडी में इस समय पूरे बाजार में हरी सब्जियां नजर आती है। हरी सब्जियां सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है। पालक के सेवन करने से शरीर को कई पोषक तत्व मिलते हैं। पालक में भरपूर न्यूट्रिशन पाए जाते हैं। इसमें आयरन, मैग्नीशियम, पोटेशियम, कैल्शियम, प्रोटीन और फाइबर मौजूद होता है। इस विंटर सीजन में लहसुनी पालक की सब्जी बनाएं, जो स्वाद और हेल्थ के लिए बढ़िया है। आइए आपको लहसुनी पालक रेसिपी बताते हैं।

लहसुनी पालक बनाने के लिए हमें क्या चाहिए?

- 1 बड़ा कटोरा पालक, उबालकर कटा हुआ
- 1 बड़ा चम्मच घी
- 1/4 छोटा चम्मच जीरा
- 2 बड़ा चम्मच कटा हुआ लहसुन
- 1 छोटा कटा प्याज
- 1 चम्मच कटी हरी मिर्च
- 2 साबुत सूखी लाल मिर्च
- 1/4 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1/4 चम्मच मिर्च पाउडर
- स्वादानुसार नमक

तड़का के लिए

- 1 बड़ा चम्मच शुद्ध घी
- 1/2 छोटा चम्मच जीरा
- 1 छोटा चम्मच कटा हुआ लहसुन
- 1 साबुत सूखी लाल मिर्च
- कटा हुआ टमाटर

लहसुनी पालक कैसे बनाएं

– सबसे पहले आप एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें जीरा, कटा हुआ लहसुन और साबुत सूखी लाल मिर्च डालें। कुछ समय तक भूने, फिर आप कटा हुआ प्याज डालें, जब तक यह ग्लोडन ब्राउन न हो जाए।

– अब कटी हुई हरी मिर्च, हल्दी और लाल मिर्च पाउडर डालें। कुछ सेकंड के लिए भूनें, फिर कटा हुआ पालक और स्वादानुसार नमक डालें। कुछ मिनट तक भूनते रहें, और परोसने के बर्तन में निकाल लें।

– फिर आफ तड़का के लिए शुद्ध घी, जीरा, कटा हुआ प्याज और साबुत सूखी लाल मिर्च के साथ तड़का तैयार करें। जब तक लहसुन सुनहरा भूरा ने हो जाए तब तक इसे भूनें।

– अब आप इस तैयार किए हुए तड़के को लहसुनी पालक में डाल दीजिए और कटे हुए टमाटर से गार्निश करें।

दलित ओबीसी मतदाता बनाएंगे दिल्ली में सरकार

रमेश सर्राफ धमोरा

दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जो संघर्ष देखने को मिल रहा है उससे लगता है कि इस बार मुकाबला नेक टू नेक होने की पूरी संभावना नजर आ रही है। सभी दलो द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिये बड़ी-बड़ी धोषणा की जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव का ट्रेंड देखकर तो यही लगता है कि इस बार भाजपा, आआप व कांग्रेस में से कौन सी पार्टी सरकार बनायेगी यह कोई नहीं बता सकता है। इसका फैसला तो वोट डालकर दिल्ली के मतदाता ही करेंगे।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए वोट डालने में अब कुछ दिनों का समय ही शेष रह गया है। वहां चुनाव प्रचार पूरे शबाब पर है। सभी दलों के बड़े नेता अपनी-अपनी पार्टी प्रत्याशियों को जीताने के लिए जमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। पूरी दिल्ली में चुनावी चौसर बिछी हुई है। सट्टा बाजार में राजनीतिक दलों की हार-जीत के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी इसका पता तो 8 फरवरी को मतगणना के बाद ही चल पाएगा।

मगर दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार बड़ी कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। एक तरफ जहां सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) चौथी बार सरकार बनाने के प्रयास में लगी हुई है। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी चाहती है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में उनकी पार्टी की सरकार बने ताकि केंद्र व राज्य का झगड़ा समाप्त हो। कहने को तो दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश है। यहां की सरकार व मुख्यमंत्री के पास अन्य प्रदेशों की तरह पूरे अधिकार नहीं होते हैं। मगर दिल्ली का मुख्यमंत्री होना अपने आप में बड़ी बात है। दिल्ली से ही देश की सरकार चलती है। ऐसे में दिल्ली में जो सरकार बनती है उसके महत्व को नकारा नहीं जा सकता है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार दलित, जाट व गुर्जर मतदाताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होने जा रही है। दिल्ली में 12 विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां करीबन 18 प्रतिशत दलित मतदाता है। दिल्ली की आरक्षित 12 सीटों के अलावा 18 और ऐसी विधानसभा सीटे हैं जहां दलित मतदाताओं की संख्या 15 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में दिल्ली की 30 विधानसभा सीटों पर दलित मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है।

दिल्ली में बवाना, सुल्तानपुर माजरा, मंगोलपुरी, करोल बाग, पटेल नगर, मादीपुर, देवली, अंबेडकर नगर, त्रिलोकपुरी, कोंडली, सीमापुरी, गोकलपुर विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा करीबन 15 से 20 अन्य ऐसी सीटें है जहां दलित मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। इसलिए दिल्ली विधानसभा की 70 में से करीबन 30 सीटों पर दलित मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। 2020 के विधानसभा चुनाव में सभी 12 आरक्षित सीटों पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों ने चुनाव जीता था। इसलिए आम आदमी पार्टी का पूरा फोकस दलित मतदाताओं पर है। दिल्ली के अनुसूचित जाति के मतदाताओं में से 38 फीसदी जाटव और 21 फीसदी वाल्मीकि है।

पिछले लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के मतदाताओं के लिए देश भर में आरक्षित 84 लोकसभा सीटों में से भाजपा मात्र 30 सीट पर ही चुनाव जीत पाई थी। इंडिया गठबंधन के भाजपा द्वारा संविधान बदलने के नारे के कारण दलित मतदाता भाजपा से छिटककर विपक्षी खेमे में चले गए थे। इसी तरह दिल्ली में भी पिछले दो विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सभी 12 सीटों पर आम आदमी पार्टी लगातार जीतती आ रही है। इसलिए अनुसूचित जाति के मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा व कांग्रेस इस बार के चुनाव में पूरा जोर लगा रही है।

भाजपा ने 12 आरक्षित सीटों के अलावा दो सामान्य सीटों मटिया महल से दीप्ति इंदौरा व बल्लीमारन से कमल बागड़ी को उम्मीदवार बनाया है। इस तरह भाजपा ने कुल 14 सीटो पर दलित उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने भी नरेला से अनुसूचित जाति की अरुणा कुमारी को टिकट देखकर कल 13 सीटों पर दलित प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। भाजपा व कांग्रेस की रणनीति है कि दलित मतदाताओं को आम आदमी पार्टी से दूर किया जाए। आम आदमी पार्टी ने 12 आरक्षित सीटों पर ही अनुसूचित जाति के प्रत्याशियों को टिकट दी है। हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एक बार फिर दलित मतदाताओं का रुझान भाजपा की तरफ होने के चलते वहां भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की थी। इसी से उत्साहित होकर भाजपा अनुसूचित जाति के मतदाताओं की बहुलता वाली सीटों पर विशेष चुनावी प्रबंधन कर चुनावी रणनीति बना रही है।

दिल्ली में जाट मतदाताओं की बहुलता वाली 10 सीटों महरौली, मुंडका, रिठाला, नांगलोई, मटियाला, पालम, नरेला, विकासपुरी, नजफगढ़ व बिजवासन पर आम आदमी पार्टी का कब्जा है। इस बार भाजपा आम आदमी पार्टी से इन सभी 10 सीटों को छीन कर अपनी वापसी का प्रयास कर रही है। भाजपा ने इस बार करीबन 14 टिकट जाट नेताओं को दी है। जिनमें पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा नई दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सामने चुनाव लड़ रहे हैं। वही आप सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे कैलाश गहलोत भी बीजेपी टिकट पर बिजवासन से चुनाव लड़ रहे हैं। कैलाश गहलोत के भाजपा में जाने से आप के पास कोई बड़ा जाट नेता नहीं रह गया है जो जाट मतदाताओं को आप पार्टी से जोड़े रख सके। जबकि भाजपा ने पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा को अरविंद केजरीवाल के सामने खड़ा कर दिल्ली के चुनाव को रोचक बना दिया है।

दिल्ली में गुर्जर मतदाताओं की भी बड़ी संख्या है। इनके प्रभाव वाली छतरपुर, मुस्तफाबाद, तुगलकाबाद, घोंडा, गोकुलपुरी, ओखला पर आम आदमी पार्टी का कब्जा है। वहीं बदरपुर, करावल नगर व पालम पर भाजपा का कब्जा है। दिल्ली के पूर्व सांसद व बड़े गुर्जर नेता रमेश बिधूड़ी को भाजपा ने मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना के खिलाफ चुनाव मैदान में उतार कर चुनाव को रोचक बना दिया है।

दिल्ली में मदनलाल खुराना व साहिब सिंह वर्मा के बाद हमेशा बाहरी व्यक्ति ही मुख्यमंत्री बनता रहा है। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित, अरविंद केजरीवाल, अतिशी मालेर्ना जैसे लोग दिल्ली के मूल निवासी नहीं है। इसलिए दिल्ली के लोग चाहते हैं कि अब की बार दिल्ली का ही रहने वाला नेता दिल्ली का मुख्यमंत्री बने ताकि उसे दिल्ली की असली नब्ज व समस्याओं की बखूबी जानकारी हो। जाट मतदाता चाहते हैं कि साहिब सिंह वर्मा के बाद एक बार फिर उनके बेटे प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री बनाया जाए ताकि दिल्ली का सर्वांगीण विकास हो सके। वही गुर्जर मतदाता रमेश बिधूड़ी को मुख्यमंत्री बनाने की का मांग कर रहे हैं।

कहने को तो कांग्रेस भी पूरी सक्रियता से चुनाव लड़ रही है। मगर इंडिया गठबंधन में उनके साथी दलों द्वारा आम आदमी पार्टी को समर्थन देने के बाद कांग्रेस का मनोबल कमजोर हुआ है। इसी के चलते कांग्रेस का चुनाव प्रचार भी ज्यादा गति नहीं पकड़ पाया है। ऐसे में मुख्य मुकाबला आप व भाजपा के मध्य माना जा रहा है।

दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जो संघर्ष देखने को मिल रहा है उससे लगता है कि इस बार मुकाबला नेक टू नेक होने की पूरी संभावना नजर आ रही है। सभी दलो द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिये बड़ी-बड़ी धोषणा की जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव का ट्रेंड देखकर तो यही लगता है कि इस बार भाजपा, आआप व कांग्रेस में से कौन सी पार्टी सरकार बनायेगी यह कोई नहीं बता सकता है। इसका फैसला तो वोट डालकर दिल्ली के मतदाता ही करेंगे। जिस पार्टी के पक्ष में दिल्ली के मतदाता मतदान करेंगे। वही पार्टी दिल्ली में सरकार बनाएगी।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।)

संपादकीय

दूर की सोचें राहुल गांधी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी दोनों के प्रति अब समान रूप से हमलावर हो गए हैं। दिल्ली में एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने साफ-सुथरी राजनीति की बात की थी, लेकिन उनकी सरकार में सबसे बड़ा शराब घोटाला (आबकारी घोटाला) हो गया और वह 'शीश महल'' में रहने लगे। इसी तरह उन्होंने भाजपा, मोदी और आरएसएस पर एक बार फिर देश में नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया।

सच तो यह कि राहुल गांधी को अपनी नीतियों को लेकर स्पष्ट होना चाहिए और यह समझ बनानी चाहिए कि उन्हें कब किसका और किस मुद्दे पर विरोध करना है। केजरीवाल पर उनका हमला लगभग वैसा ही है, जैसा भाजपा के होते हैं। तो क्या यह माना जाना चाहिए कि जो भाजपा का शत्रु है वह राहुल गांधी का भी शत्रु है। यह हास्यास्पद स्थिति है कि केजरीवाल के मामले में राहुल गांधी भाजपा की लाइन ले रहे हैं। जब केजरीवाल जेल में थे तो वह उनकी रिहाई की मांग कर रहे थे और जब दिल्ली के चुनाव में उनकी पार्टी के साथ गठबंधन या समझौता नहीं हुआ तो उन पर तीखा हमला कर रहे हैं। अब राहुल गांधी को यह तय करना चाहिए कि ऐसा करके वह किसको फायदा पहुंचा रहे हैं और किसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। दूसरी महत्त्वपूर्ण बात यह है कि अब उनकी मोहब्बत की दुकान वाला जुमला अर्थहीन हो चुका है। जब उनकी मोहब्बत की दुकान उनके गठबंधन 'इंडिया' यानी विपक्षी दलों के गठबंधन के साझेदारी को ही मोहब्बत नहीं दे पा रही है तो बाकी किसे देगी। शायद उनकी मोहब्बत सिर्फ उनके लिए है जो आंख मूंदकर उनके साथ आ जाए और जो उनका अपना ही क्यों ना हो, अगर उनके विरोध में आता है तो वहां उनकी मोहब्बत की दुकान बंद हो जाती है। दरअसल, जरूरत इस बात की है कि कांग्रेस अपने छोटे-छोटे दली स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एजेंडा तैयार करे और उसी के अनुसार अपने राजनीतिक दोस्त और दुश्मन को तय करे। अन्यथा इस समय राहुल गांधी जो कर रहे हैं उससे उनके दोस्त भी दुश्मन होते चले जाएंगे और इसकी भारी कीमत उनकी पार्टी कांग्रेस को चुकानी पड़ेगी?

चिंतन-मनन

एकता में भाषा भी अवरोध

भाषा, जो दूसरों तक अपने विचारों को पहुंचाने का माध्यम है, उसे भी राष्ट्रीय एकता के सामने समस्या बनाकर खड़ा कर दिया जाता है. अपनी भाषा के प्रति आकषर्ण होना अस्वाभाविक नहीं है और मातृभाषा व्यक्ति के बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम बन सकती है, इसमें कोई संदेह नहीं. पर हमें इस तथ्य को नहीं भुला देना चाहिए कि मातृभाषा के प्रति जितना हमारा आकषर्ण होता है, उतना ही आकषर्ण दूसरों को अपनी मातृभाषा के प्रति होता है। इसलिए भाषाई अभिनिवेश में फंसना कैसे तर्कसंगत हो सकता है? हमारे पूर्वाचर्यों ने एकता की सर्वोत्तम कसौटी प्रस्तुत की थी। वह है- जो तुम्हारे लिए प्रतिकूल है, वह तुम दूसरों के लिए मत करो। हमारा भाषाई प्रेम उस सीमा तक ही होना चाहिए जहां दूसरों के भाषाई प्रेम से उसकी टक्कर न हो। हर प्रांत का अपना भाषाई प्रेम है।

उनके पारस्परिक संपर्क के लिए एक जैसी भाषा भी अपेक्षित होती है, जो उनके प्रेम को अक्षुण्ण रखते हुए एक-दूसरे को मिला सके। वह राष्ट्रीय भाषा होती है। प्रांतीय भाषा के प्रेम को इतना उभार देना कैसे उचित हो सकता है, जिससे प्रांतीय और राष्ट्रीय भाषाओं में परस्पर टकराहट पैदा हो जाए। राष्ट्रीय एकता के लिए इस विषय पर गंभीर चिंतन आवश्यक है। भाषा की समस्या को मैं सामयिक समस्या मानता हूं। इस समस्या को कभी-कभी उभार दिया जाता है और यह राष्ट्रीय एकता के लिए चुनौती बन जाती है। फिर भी इसमें स्थायित्व नहीं है। इसके आकषर्ण की एक सीमा है। यह लंबे समय तक जनता को आकृष्ट किए नहीं रख सकती। आर्थिक-सामाजिक वैषम्य तथा जातीय और सांप्रदायिक वैमनस्य राष्ट्रीय एकता की स्थाई समस्याएं हैं। इनका समाधान हुए बिना राष्ट्रीय एकता का आधार मजबूत नहीं हो सकता। क्या हित-सिद्धि के भेद की भित्ति पर अभेद का प्रासाद खड़ा किया जा सकता है? क्या हीनता और उच्चता की उबड़-खाबड़ भूमि पर एकता के रथ को ले जाया जा सकता है? ऐसे कभी नहीं हो सकता।

स्वतंत्रता सेनानियों के सपनो का भारत बनाएंगे उनके उत्तराधिकारी!



डॉ श्रीगोपाल नारसन

स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी डॉ. प्रह्लाद प्रसाद प्रजापति के कुशल नेतृत्व में देश के दो करोड़ स्वतंत्रता सेनानी परिवार एकजुट होने के रास्ते पर चल रहे है,ताकि उनकी ताकत के बल पर स्वतंत्रता सेनानियों के सपनो का भारत बनाया जा सके।इसी मुद्दे को लेकर 16 फरवरी को झारखंड की राजधानी रांची में स्वतंत्रता सेनानी महापरिषद राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रही है।कानपुर के स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी हरिराम गुप्ता की शिकायत है कि सरकार स्वतंत्रता सेनानी परिवारों तरफ ध्यान नहीं दे रही है,जबकि इन्ही परिवारों के बलबूते आज देश आजाद है और हम खुले मन से आजादी की सांस ले पा रहे है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की संगठन शक्ति बढ़ाने के लिए देश के सभी जिले के स्वतंत्रता सेनानी परिवारो को संगठन की वकालत की।उनका मानना है कि आजादी के आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानी के परिवार के लोगो को देश की अग्रिम पंक्ति का नागरिक माना जाना चाहिए ।उनकी दृष्टि में आज के जीवित स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान भारत रत्न की तरह होना चाहिए।वही उत्तराखंड में स्वतंत्रता सेनानी परिवार के उत्तराधिकारी अवधेश पंत का कहना है कि उत्तराखंड में जो सुविधाएं तत्कालीन हरीश रावत सरकार द्वारा शुरू की गई थी,उन सुविधाओं को देश के हर राज्यों में स्वतंत्रता सेनानी के परिवारों को मिलनी चाहिए,क्योंकि देश के महान स्वतंत्रता इतिहास को और उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को भुलाया नही जा सकता।जिन्होंने इस देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुतियां दी थी ।लेकिन आज उनके नाम और काम को भारत के इतिहास से मिटाने का षड्यंत्र भिन्न-भिन्न तरीकों से किया जा रहा है। मीसा बंदियों को महिमा मंडित कर उन्हें लोकतंत्र सेनानी बताकर उनको स्वतंत्रता सेनानियों से ऊपर करके सम्मानित किया जा रहा है।वही सरकार स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों का अपमान कर उन्हें नीचा दिखाने की कोशिश में लगी है।लेकिन वह अब तक इसलिए सफल हो पाई है क्योंकि देशभर में फैले स्वतंत्रता सेनानियो व शहीदों परिवारों के लगभग दो करोड़ परिवारो की शक्ति अब एकजुट हो गई है ।स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के परिवारों को एक माला में पिरोकर उन्हें अपने पूर्वजों के मान-सम्मान और अपने स्वयं के अस्तित्व की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए ही प्रतिबद्धित और संकल्पित किया जा रहा है।स्वतंत्रता सेनानी और शहीदों की शौर्य गाथाएं हमारे देश को उत्तर से लेकर दक्षिण तक तथा पूर्व से लेकर पश्चिम तक एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती हैं ।यही इस महापरिषद का एकमात्र उद्देश्य भी है कि हम अपने पूर्वज स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के बलिदान को याद रखें, उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करें, जिससे आने वाली पीढ़ियां उनसे प्रेरणा लेती रहें तथा उनका बलिदान कभी भी विस्मृत न होने पाए। इसी लिए महापरिषद के पहल पर स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर देश के विभिन्न महानगरों व नगरों में मार्गो का नामकरण हो रहा है,साथ ही सार्वजनिक स्थलों व भवनों के नाम भी स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर हो ऐसी कोशिश की जा रही है।देश के 26 राज्यो में संगठनात्मक रूप से सक्रिय स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद ने राष्ट्रीय स्तर पर जहां 21 पदाधिकारियों को संगठन को आगे बढाने की जिम्मेदारी सौंपी है,वही राज्य स्तर पर भी संगठन की

मजबूती के लिए पदाधिकारी नियुक्त किये गए है,जिनमे नारी शक्ति को भी शामिल किया गया है।महापरिषद के महासचिव के रूप में कुमार पटेल संगठन की धुरी बने हुए है,जो हर माह वर्चुअल माध्यम से संगठन को गति देने के लिए पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे है,वही रांची सम्मेलन को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

(लेखक राष्ट्रहित चिंतक एवं स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता है)

महाकुंभ की महत्व पर उठते कई सवाल

विनोद तकियावाला

भौतिकवादी इस युग में जहाँ प्रत्येक क्षेत्र में आज विज्ञान का तुती बोल रही है,वही वैश्विक मानचित्र के पटल पर इनदिनों एक बार फिर से भारत की चर्चा चहुँ दिशाओं हो रही है।अवसर है आस्था व आध्यात्म के अविस्मरणीय स्वर्णिम पल की।सर्व विदित रहे कि इन दिनों तीर्थराज्य की राजधानी धर्म नगरी प्रयागराज स्थित गंगा युमना व सरस्वती की पवित्र संगम स्थली पर भव्य व दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है।यूँ तो कुंभ चार वर्ष व महाकुंभ 12 बर्ष में लगता है।देश में सिर्फ चार जगहों पर 12 वर्ष के अंतराल में लगता है।

ये चार शहर है हरिद्वार,प्रयागराज, उज्जैन और नासिक।इसी वजह से इन शहरों को कुंभनगरी कहा जाता है।जिनका उल्लेख प्राचीन हिंदू शास्त्रों व पुराणों में भी मिलता है,पौराणिक ग्रन्थ के अनुसार आदिकाल में जब समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश निकला था,जिसे पाने के लिए देवताओं व असुरों में होड़ मच गई थी।तब स्वंय भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण किया और असुरों को छलकर अमृत देवताओं को ही पिलाया था लेकिन इस दौरान कलश के अमृत की कुछ बूंदें छलककर धरती पर आ गिरी थीं।ये बूंदें हरिद्वार,प्रयागराज,उज्जैन और नासिक और इसी वजह से इन्हीं चार स्थलों महाकुंभ का आयोजन होता है।

आप के मन उठना स्वामिक है कि हर 12 साल के बाद ही क्यों आता है।तो आप को बता दे कि अमृत के लिए असुरों और देवताओं के मध्य 12 दिनों का युद्ध हुआ था।मै स्पष्ट कर दूँ कि उस समय के12दिव्य आज के एक दिन 12 साल के बराबर है।इसी कारण महाकुंभ का आयोजन पूरे12साल के अंतर पर होता है।पौराणिक मान्यता के अनुसार कुंभ मेले में स्नान करने से मोक्ष मिलता है व इंसान के सारे पापों का अंत हो जाता है।एक विशेष पक्ष का मानना है कि यह महाकुंभ न केवल धार्मिक आयोजन है,बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत प्रदर्शन भी है।हालाकि यथार्थ की घरातल ये सभी बातें कोपल कलपित लगती है।एक ओर तो हम पृथ्वी से इसरो चन्द्रयान 3 व आदित्या एल वन चाँद व सूर्य की तस्वीर भेज रहे हो।मै यहाँ स्पष्ट कर दुँ कि मै कोई धर्म विरोधी या नास्तिक व्यक्ति नही हूँ।आध्यात्म व धर्म आस्था व धारण की अवधारणाओ पर आधार्रित होता है।आज जो महाकुम्भ के नाम की ब्राण्ड,मॉकेट्रिग व विज्ञापन पोस्टर बाजी,खबरिया चैनल के माध्यम पताल भैरवी राग अलापे जा रहे है,वही दूसरी तरफ शोसल मीडिया के ओछी मानसिकता व हरकतों से कुछ लोग नाराज देख रहे है।इसका बड़ा उद्धाहरण हर्षा रिछारिया,मोनालिसा और आईआई टीन बाबा के नाम से प्रसिद्ध अभय सिंह,ये तीनों ही चेहरे महाकुंभ में ना केवल चर्चित व चर्चा में रहे बल्कि बेलगाम शोसल मीडिया के द्वारा अपने नीजी स्वार्थ सिद्धि के कारण कई चेहरों ने सोशल मीडिया पर सुर्खियां तो खुब बटोरीं टी आर पी व अपनी ब्यूबर की संख्या मिलयन में पहुंचाने के कारण इन चर्चित चेहरो को अध्यात्म व आस्था के संगम को बीच में ही छोड़कर जा चुके हैं।महाकुंभ की शुभारम्भ से ही सोशल मीडिया पर छाई हुई हर्षा रिछारिया को सबसे सुंदर साध्वी का तगमा तक दे दिया गया,लेकिन जब निरंजनी अखाड़े के रथ पर भी बैठ कर शाही सवारी करते नजर आईं तो इसे लेकर संत समाज में विवाद शुरू हो गया। कुछ संतों ने तो हर्षा के संग रथ पर बैठने और भगवा वस्त्र धारण करने पर अपनी आपत्ति तकजताई।यह मामला इतना तुल पकड़ गया है कि हर्षा रिछारिया ने रोते हुए महाकुंभ छोड़ने तक का ऐलान कर दिया।वहीं दूसरी ओर मोनालिसा भी महाकुंभ छोड़कर चली गई है।बताया जा रहा है कि ऐसा करने के लिए उसके पिता ने कहा था।मोनालिसा खूबसूरती की वजह से चर्चा में आई।सर्वविदित रहे कि इंदौर की रहने वाली मोनालिसा रुद्राक्ष की माला बेचने कर कुछ पैसे कमाने के लिए यहाँ आई थी।ताकि वहअपने परिवार के भरण पोषण में मदद करे सके,लेकिन महाकुंभ में उनकी खूबसूरती के कारण चर्चा में आ गई।जिसके कारण कुछ लोक उसकी तुलना सिनेजगत व स्वर्ग लोक की परी व कलाकारों से कर रहे हैं।वही सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में उसकी आंखों पर काफी रिएक्शन आए।मोनालिसा की बहन ने बताया कि वह तो माला बेचने आई थी,यहाँ के लोग मोनालिसा को माला बेचने नहीं देते थे और वीडियो छुप छुप के बनाते थे,इसी के चलते वह चली गई।इसी तरह आई आई टी एन बाबा के नाम से चर्चा में आए अभय सिंह ने आई आई टी बॉम्बे से पढ़ाई की थी।उनपर आरोप है कि उन्होंने गुरु के प्रति अपशब्दों का प्रयोग किया था।इसी के चलते बाबा को अखाड़ा शिविर और उसके आस- पास आने पर रोक लगा दी गई है।इस पूरे मामले को लेकर अखाड़े का कहना है कि संन्यास में अनुशासन और गुरु के प्रति समर्पण महत्वपूर्ण है।इसका पालन न करने वाला संन्यासी नहीं बन सकता है।

उपरोक्त उदाहरण एक छोटा किन्तु कटु सत्य है।जिसकी अनदेखी नही की जा सकती है।कुछ लोगो ने तो महाकुंभ को आस्था व भावना से खिलवाड़ व एक राजनीतिक दल नीजी स्वार्थ से जोड़ दिया है।उनका तर्क है कि अगले वर्ष राज्य में विधान सभा के चुनाव होने वाले है,महाकुंभ के नाम सरकारी खजानों व सरकारी तंत्र व जिस तरह से पानी तरह से बहाया जा रहा है।व्यवस्था के नाम श्रुद्धालुओ के लिए सुविधा के नाम सिर्फ और सिर्फ खाना पुर्ति की गई है।वह सच्चे-संत साधुओं श्रुद्धाओं को कठिनाईयों का समाना करना पड़ रहा है।मौनी अमावस्या के अवसर महत्वपूर्ण के पूर्व घटित घटना ना केवल कई मासूम को जान गवाना पड़ा इसके पूर्व टेन्ट में आग लगी थी। जिसकी खबरे छन छन कर आ रही है।गोदी मीडिया अपने आकाओं की गुनगान व टी आर पी को बढ़ाने के ब्रेकिंग न्यूज देते थक नही रहें। परिणाम स्वरूप महाकुम्भ की महत्व पर कई सवाल उठाए जा रहे। वही भारत जैसे विकासशील देश के लिए सिर्फ ऐसे आयोजन जहाँ करोड़ो जनता को 5 किलो अनाज के लिए लाईनों मे खडा रहना पड़ता है।शिक्षा व स्वास्थ्य व रोजगार के लिए सड़को पर आये दिनो आन्दोलन करना पड़ता हो,धर्म की आड़ में अपने चेहते की फैक्टरी चलें,एक वर्ग के मतदाताओ को रिझा -बहका कर अपने पक्ष में वोट करवा सके। महाकुंभ की महता कम सरकार व उनके चेहते पूँजीपतियों के लिए प्रचार प्रसार के संग मार्केट्रिग कर रहें। एक संत ने तो सबाल उठाते हुए यहाँ तक कह दिया कि क्या बात पुरे कुम्भ मेला क्षेत्र सिर्फ दो व्यक्तियों की फोटो लगी।वही विपक्षी दल के नेता ने कहाँ कि कुम्भ में डुबकी लगाने से महंगाई,भुखमरी व बेरोजगारी देश से समाप्त नही होने वाली है।महाकुंभ की महत्व पर उठते कई सवाल राष्ट्र व समाज के लिए सोचने को मजबुर करती है।क्या यह वही भारत है जिसकी कल्पना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व आजादी के दीवाने, हमारे स्वतंत्रता सेनानी व संविधान निमाताओं की थी ,जिन्होने भारत को धर्म निरपेक्ष व लोकतांत्रिक देश बनाने की सपना देखा था।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

The political & social cost of climate crisis

We are fully aware of the consequences of advancing climate change on our planet's ecology, on our economies and our energy, health and food systems. The political and social consequences of unabated climate change and irreversible global warming are less understood and appreciated. These consequences are already changing societies. They are changing political dynamics.

Both within countries and beyond, climate change is exacerbating income and wealth inequalities. There are increasing differences in the capacity to cope with higher temperatures, for example, through expensive air-conditioning, the ability and wherewithal to move from more inclement to relatively less affected regions and to corner increasingly depleted resources to maintain unsustainable lifestyles longer, even if eventually a ravaged planet will sink all humanity.

Some assume that the use of artificial intelligence will find a way to tackle climate challenge. This is hubris of the worst kind. Time and again, the forces of nature have overwhelmed human artifice and will continue to do so with even greater intensity as the delicate threads that hold life together on our planet are snapped by human exploitation.

ur earth is a tiny speck in the vastness of our Milky Way galaxy. And our galaxy is a speck in the unbounded vastness of the cosmos. Planetary extinction will be an insignificant episode in cosmic time. It is the humility that this should engender among humans which is missing and this lies at the heart of the ecological crisis, of which climate change is only an acute manifestation.

How does climate change alter societies? Climate change is changing weather patterns and vast areas of productive farmland. For example, farmlands in Africa, are becoming arid deserts. This triggers large population movements within countries and across borders. Families are disrupted, children suffer from malnutrition and irreparable psychological damage and the whole social fabric begins to disintegrate.Their vulnerability exposes them to violence and exploitation by a powerful minority, which itself is contested by other such groups. Coercive power becomes the only instrument for holding a community together through fear.hose who migrate across borders are no less exposed to violence and exploitation and the migration issue becomes, as it has in many western societies, an instrument of political mobilisation through fear of the "outsider." The stability of societies in both source countries as well as target countries, is disturbed. As families disintegrate and scatter, their members lose their anchor and identity.Unstable societies are unequal societies; they are victims of oppression and injustice, they are often violent and cannot sustain a democratic polity. Stability does not mean stagnation. It means orderly change and aspirational societies. A sense of threat from the unfamiliar and fear of the outsider justifies authoritarian governance.People become complicit in the limitation and even suspension of their own rights even as they applaud the violation of the rights of those they consider "outsiders". Populism is an expression of this pathology.

